NNI
हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
सत्यता व निष्पक्षता का पंचम वर्ष
www.nnindianews.com
वर्ष :05, अंक :-33, पृष्ठ : 12 | शुक्रवार, 08 अगस्त, 2025 | मूल्य- 03.00 रुपये मात्र

## चंबा में भीषण हादसा

# कार पर गिरी चट्टान छह लोगों की मौत



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के भंजराड़ू-शहवा-भड़कवास मार्ग पर हुए भीषण हादसे में छह लोगों की मौत हो गई। पहाड़ी से गिरे बड़े पत्थर के कारण वीरवार रात सफेद रंग की स्विफ्ट साउआ पधरी के समीप लुढ़क कर करीब 500 मीटर गहरी खाई में गिर गई।

मृतकों की पहचान राजेश कुमार 40 वर्षीय पुत्र नरेन सिंह, गांव बुलवास, डाकघर जुंगरा, हंसो 36 वर्षीय पत्नी राजेश कुमार, गांव बुलवास, डाकघर जुंगरा, आरती 17 वर्षीय पुत्री राजेश कुमार, गांव बुलवास, डाकघर जुंगरा, दीपक 15 वर्षीय पुत्र राजेश कुमार, गांव बुलवास, डाकघर जुंगरा, राकेश कुमार 44 वर्षीय पुत्र हरि सिंह, गांव बुलवास, डाकघर जुंगरा और चालक हेम पाल 37 वर्षीय पुत्र इंदर सिंह, गांव सलांचा, डाकघर के रूप में हुई है।

चीख-पुकार सुन मौके पर पहुंचे स्थानीय ग्रामीणों ने तुरंत पुलिस और अग्निशमन विभाग को सूचित किया। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची अग्निशमन विभाग और पुलिस टीमों ने ग्रामीणों की मदद से सभी छह लोगों के शव गहरी खाई से निकालकर सड़क तक पहुंचाए। शुक्रवार को मृतकों का पोस्टमार्टम सिविल अस्पताल तीसा में किया जाएगा। बताया जा रहा है कि जेबीटी अध्यापक राजेश कुमार जो वर्तमान में प्राथमिक स्कूल बुलवास में कार्यरत थे। यह दुर्घटना कार पर अचानक एक बड़ी चट्टान गिरने और फिर गहरी खाई में गिरने के कारण हुई। पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव ने बताया कि हादसे में 6 लोगों की मौत हुई है। पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिए जाएंगे।

## यूपी के 24 जिलों में बाढ़, 1245 गांव पानी में

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के लखनऊ समेत 10 शहरों में शुक्रवार को तेज बारिश जारी है। लखनऊ में लगातार बारिश का आज 7वां दिन है। वाराणसी-बिजनौर में 12वीं तक, लखनऊ-जौनपुर में 8वीं तक स्कूल बंद हैं। राज्य के 24 जिलों के 1245 गांव बाढ़ की चपेट में हैं। अब तक 360 मकान ढह चुके हैं।

हिमाचल प्रदेश में 450 से ज्यादा सड़कें बंद हैं। इनमें नेशनल हाईवे 305 और 5 शामिल हैं। राज्य में अब तक (20 जून से 7 अगस्त तक) बारिश की जुड़ी घटनाओं में 202 लोगों की मौत हो चुकी है। झारखंड में यह आंकड़ा 431 है। बिहार के मुंगेर में गंगा का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर है। यहां चंडिका स्थान मंदिर में 6 फीट पानी भरने के बाद उसे बंद किया गया। बेगूसराय में बाढ़ के कारण 118 स्कूल अगले आदेश तक बंद हैं। खगड़िया में 32 और वैशाली में भी 80 स्कूल बंद हैं।

### भारत से ट्रेड डील पर बातचीत से इनकार

## पहले टैरिफ मसला सुलझे, तब होगी बातः डोनाल्ड ट्रम्प



**वाशिंगटन डीसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत से ट्रेड डील पर बातचीत करने से इनकार कर दिया है। ट्रम्प ने कहा कि जब तक टैरिफ विवाद का हल नहीं निकल जाता, बातचीत शुरू नहीं होगी।

इससे पहले मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया था कि भारत से ट्रेड डील पर बातचीत के लिए अमेरिकी अधिकारियों का एक दल इसी महीने भारत आने वाला है। भारत पर अब कुल अमेरिकी टैरिफ 50% हो गया है। ट्रम्प ने बुधवार को एग्जीक्यूटिव ऑर्डर पर साइन कर 25% टैरिफ बढ़ा दिया था। बढ़ा हुआ टैरिफ 27 अगस्त से लागू होगा।

इसके अलावा गुरुवार से भारत पर 25% टैरिफ लागू हो गया है। ट्रम्प के आदेश में कहा गया है कि रूसी तेल की खरीद की वजह से भारत पर यह एक्शन लिया गया है।

अमेरिकी विदेश विभाग ने भारत को एक रणनीतिक साझेदार बताया है। मंत्रालय के प्रवक्ता टॉमी पिगॉट ने कहा कि अमेरिका भारत के साथ स्पष्ट और खुली बातचीत कर रहा है, भले ही टैरिफ विवाद के चलते दोनों देशों के संबंधों में तनाव बना हुआ है। टॉमी के मुताबिक ट्रम्प ने व्यापार असंतुलन और रूसी तेल की खरीद को लेकर अपनी चिंताएं बहुत स्पष्ट तरीके से जाहिर की हैं। साथ ही सीधी कार्रवाई (भारत पर टैरिफ) भी की है। टॉमी ने मतभेदों को सीधे संवाद के जरिए सुलझाने के लिए कहा है।




# धराली त्रासदी- मदद पहुंचने में 4 दिन और लगेंगे

## 80 एकड़ में फैले मलबे को हटाने के लिए 3 जेसीबी, 100 से ज्यादा लोगों के दबे होने की आशंका





**उत्तरकाशी।** धराली गांव में हुए हादसे का आज चौथा दिन है। अभी भी 100 से ज्यादा लोग लापता हैं, वे मलबे में दबे हो सकते हैं। पूरी तरह से रेस्क्यू शुरू होने में 4 दिन और लग सकते हैं।

धराली गांव के 80 एकड़ में 20 से 50 फीट तक मलबा फैला है। इसे हटाने के लिए सिर्फ 3 जेसीबी मशीनें हैं। मलबे के नीचे दबे लोगों की तलाश के लिए हाइटेक थर्मल सेंसिंग उपकरण और बड़ी मशीनें चाहिए, लेकिन ये सामान 60 किमी दूर भटवाड़ी में 2 दिन से अटका हुआ है।

उत्तरकाशी से गंगोत्री तक एक ही सड़क है, जो धराली से गुजरती है। हर्षिल से धराली की 3 किमी की सड़क 4 जगह पर 100 से 150 मीटर तक खत्म हो चुकी है। भटवाड़ी से हर्षिल तक तीन जगह लैंडस्लाइड और एक पुल टूटा है। ऐसे में धराली तक सड़क खुलने में 3-4 दिन और लग सकते हैं। उत्तरकाशी जिले के धराली में 5 अगस्त को दोपहर 1.45 बजे बादल फट गया था। खीर गंगा नदी में बाढ़ आ गई। तेज रफ्तार पानी के साथ आए मलबे ने 34 सेकेंड में धराली गांव को जमींदोज कर दिया था। अब तक 5 मौतों की पुष्टि हो चुकी है। 70 लोगों का रेस्क्यू किया गया है।

**इसरो की सैटेलाइट तस्वीर ने दिखाई उत्तरकाशी की तबाही**

इसरो की सैटेलाइट तस्वीर ने उत्तरकाशी की तबाही की तस्वीर दिखाई हैं। तस्वीरों में 20 हेक्टेयर क्षेत्र में मलबा फैला है। नदी का रास्ता पूरी तरह बदला है। कई इमारतें जलमग्न है। और कुछ पूरी तरह ध्वस्त हो गई है। तस्वीरों में धाराली गांव की तबाही साफ दिख रही है।

**अगले हफ्ते आपदाग्रस्त क्षेत्रों का दौरा करेगी केंद्र की अंतर मंत्रालय टीम**

आपदा प्रभावित क्षेत्रों में अगले हफ्ते केंद्र की अंतर मंत्रालय टीम दौरा करेगी। इस टीम में विभिन्न मंत्रालय के विशेषज्ञ नुकसान का जायजा लेने के साथ ही बचाव व राहत कार्यों की रणनीति भी तैयार करेंगे। इसके अलावा भागीरथी में बन रही झील से पानी की निकासी की निगरानी के लिए सेना व राज्य की संयुक्त टीम करेगी।बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) ने राज्य अधिकारियों के साथ धराली आपदा में बचाव व राहत कार्यों की समीक्षा की। प्राधिकरण के विभागाध्यक्ष राजेंद्र सिंह ने कहा, एनडीएमए की ओर से रेस्क्यू अभियान की निगरानी की जा रही है। एनडीएमए के स्तर से जो भी सहायता उत्तराखंड को चाहिए, वह तुरंत उपलब्ध कराई जाएगी। धराली में पुनर्निर्माण कार्यों के लिए केंद्र सरकार के स्तर से हर संभव आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। क्षति के प्रारंभिक आकलन के लिए अगले सप्ताह टीम आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करेगी।

# राहुल का आरोप- आयोग ने बीजेपी के साथ चुनाव चुराया, वोटर लिस्ट दिखाकर किया दावा

**नई दिल्ली।** राहुल गांधी ने प्रेजेंटेशन के दौरान स्क्रीन पर लिखा- वोट हैज बीन डेस्ट्रॉयड; स्क्रीन के बायीं ओर तीनों चुनाव आयुक्त और दायीं ओर मोदी-शाह की तस्वीरें लगी हुई थीं।




राहुल गांधी ने प्रेजेंटेशन के दौरान स्क्रीन पर लिखा- वोट हैज बीन डेस्ट्रॉयड; स्क्रीन के बायीं ओर तीनों चुनाव आयुक्त और दायीं ओर मोदी-शाह की तस्वीरें लगी हुई थीं।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को वोटर लिस्ट में गड़बड़ पर 1 घंटे 11 मिनट तक 22 पेज का प्रेजेंटेशन दिया। राहुल ने स्क्रीन पर कर्नाटक की वोटर लिस्ट दिखाते हुए कहा कि वोटर लिस्ट में संदिग्ध वोटर मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र के नतीजे देखने के बाद हमारा शक पुख्ता हुआ कि चुनाव में चोरी हुई है। मशीन रीडेबल वोटर लिस्ट नहीं देने से हमें भरोसा हुआ कि चुनाव आयोग ने भाजपा के साथ मिलकर महाराष्ट्र के चुनाव की चोरी की है।

राहुल ने कहा कि हमने यहां वोट चोरी का एक मॉडल पेश किया, मुझे लगता है कि इसी मॉडल का प्रयोग देश की कई लोकसभाओं और विधानसभाओं में हुआ। राहुल के आरोपों पर कर्नाटक चुनाव आयोग ने शपथ पत्र मांगा है। कहा कि वे लिखित में शिकायत करें ताकि आगे की कार्यवाही की जा सके। कर्नाटक की महादेवपुरा असेंबली सीट की वोटर लिस्ट स्क्रीन पर दिखाते हुए राहुल ने कहा कि यहां के 6.5 लाख वोट में से 1 लाख वोटों की चोरी हुई है। कांग्रेस के रिसर्च में यहां एक लाख के करीब गलत पता और एक ही पते पर बल्क वोटर और डुप्लीकेट वोटर्स का पता चला।

कर्नाटक में हमें 16 सीटों पर जीत मिलती, लेकिन हम सिर्फ 9 सीटों पर जीते। हमने इन सात हारी हुई सीटों में से एक सीट पर जांच-पड़ताल की, वो सीट थी बेंगलुरु सेंट्रल। इस सीट पर कांग्रेस को 6,26,208 वोट मिले। भाजपा को 6,58,915 वोट मिले। दोनों पार्टियों को मिले वोटों का अंतर सिर्फ 32,707 था। वहीं जब महादेवपुरा असेंबली सीट पर वोटिंग हुई तो दोनों पार्टियों के बीच वोट का अंतर 1,14,046 का रहा। राहुल ने कहा- इस हिसाब से देखें तो 1 लाख से ज्यादा वोटों की चोरी हुई। ये वोट चोरी पांच प्रकार से की गई थी।

**फिर महाराष्ट्र और हरियाणा का जिक्र**

महाराष्ट्र में 40 लाख फर्जी नामः महाराष्ट्र में चंद महीने में लाखों मतदाताओं के नाम सूची में जोड़े गए, जो काफी चिंताजनक है। 40 लाख वोटर रहस्यमयी हैं। यहां पांच महीने में कई वोटर जोड़े गए। वोटर लिस्ट को लेकर चुनाव आयोग को जवाब देना चाहिए। उन्हें बताना चाहिए कि क्या वोटर लिस्ट सही है या गलत। शाम पांच बजे के बाद वोटर टर्नआउट का बढ़ना भी हैरान करने वाला है। शाम पांच बजे के बाद वोटिंग क्यों बढ़ी? चुनाव आयोग इसका जवाब दे। कांग्रेस पार्टी ने वोटों की धांधली के मामले में चुनाव आयोग से सवाल पूछे हैं, लेकिन आयोग ने एक भी जवाब नहीं दिया। हमें वोटों की चोरी पकड़ने में छह महीने का वक्त लगा है।

हरियाणा में हार के लिए वोटर लिस्ट को जिम्मेदार बतायाः ये गड़बड़ियां इसलिए हैं क्योंकि चुनाव आयोग वोटर्स का डेटा उपलब्ध नहीं कराता। उन्होंने आरोप लगाया कि इस वजह से वोटों की चोरी हो रही है। हरियाणा में कांग्रेस की हार के लिए उन्होंने इन गड़बड़ियों को ही जिम्मेदार बताया।

## एक्ट्रेस हुमा कुरैशी के चचेरे भाई की हत्या

**नई दिल्ली।** निजामुद्दीन इलाके में बॉलीवुड एक्ट्रेस हुमा कुरैशी के चचेरे भाई की हत्या हो गई। यह घटना गुरुवार रात करीब 11 बजे जंगपुरा भगोल लेन में हुई।

पुलिस ने बताया कि हुमा के भाई आसिफ कुरैशी का अपने पड़ोस के दो लोगों से मेन गेट के सामने स्कूटर पार्क करने पर झगड़ा हुआ। विवाद के बाद आरोपियों ने आसिफ पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। गंभीर हालत में आसिफ को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मामले में दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## ईडी बदमाशों की तरह काम नहीं कर सकता, कानून के दायरे में रहना होगा'

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को सख्त लहजे में कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) बदमाशों की तरह काम नहीं कर सकता और उसे कानून के दायरे में ही रहना होगा। टिप्पणी केंद्रीय एजेंसी की ओर से जांच गए मामलों में दोषसिद्धि की कम दरों पर चिंता जताते हुए की गई। जस्टिस सूर्यकांत, न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुयान और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा, 'हम प्रवर्तन निदेशालय की छवि को लेकर भी चिंतित हैं।' शीर्ष अदालत 2022 के उस फैसले की समीक्षा की मांग वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है, जिसमें धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की गिरफ्तारी की शक्तियों को बरकरार रखा गया था। केंद्र और ईडी की ओर से पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने समीक्षा याचिकाओं पर सवाल उठाया। उन्होंने कम दोषसिद्धि दर के लिए प्रभावशाली आरोपियों की टालमटोल की रणनीति को जिम्मेदार ठहराया। राजू ने कहा, 'प्रभावशाली बदमाशों के पास बहुत साधन होते हैं। वे कार्यवाही को लंबा खींचने के लिए अलग-अलग चरणों में आवेदन दायर करने के लिए वकीलों की फौज रखते हैं।

# दक्षिण गाजा में मारे गए 29 और फिलिस्तीनी

**तेल अवीव।** दक्षिणी गाजा में बृहस्पतिवार को इजरायली सेना के हवाई हमलों और गोलीबारी में कम से कम 29 फिलिस्तीनियों की मौत हुई है। स्थानीय अस्पतालों के अनुसार, दक्षिणी शहर खान यूनिस में स्थित नासिर अस्पताल ने बताया कि मरने वालों में 12 लोग ऐसे थे जो एक अमेरिकी-इजरायली समर्थित निजी ठेकेदार की सहायता वितरण साइट के पास सहायता लेने की कोशिश कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मेरा टारगेट हमास का सफाया है।

बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि उनका उद्देश्य गाजा पट्टी पर कब्जा जमाना या उसे इजरायल में मिलाना नहीं है, बल्कि हमास को पूरी तरह नष्ट करना और बंधकों को सुरक्षित वापस लाना है। उन्होंने कहा कि इजरायल इस युद्ध को जल्द से जल्द समाप्त करना चाहता है। प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, हम गाजा को एक गैर-सैन्यीकृत क्षेत्र बनाना चाहते हैं। हमारा उद्देश्य स्थायी शांति और सुरक्षा सुनिश्चित करना है, न कि जमीन पर कब्जा करना।

बताया जा रहा है कि इजरायली सेना के इस हमले में कम से कम 50 लोग घायल हुए हैं। हालांकि गाजा ह्यूमैनिटेरियन फाउंडेशन ने अभी तक हमले या गोलीबारी पर कोई टिप्पणी नहीं दी है। जबकि इजरायली सेना ने आरोप लगाया है कि हामास नागरिक क्षेत्रों में अपनी गतिविधियों को अंजाम देता है।

इजरायल के सेना प्रमुख जनरल एयाल जमीर ने चेतावनी दी है कि यह अभियान बंधकों के लिए खतरा बन सकता है और पहले से ही थकी हुई इजरायली सेना पर अतिरिक्त दबाव डालेगा।

स्वामी वीरेन अग्रवाल प्रकाशक विवेक खंडेलवाल मुद्रक इम्प्रेशन प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग लिमिटेड, सिकंदरा रोड, गुरु का ताल, आगरा से मुद्रित एवं बृज वैलबिल्ट प्राइवेट लिमिटेड, फ्लैट 302 तीसरी मंजिल ब्लॉक E /11/8 संजय प्लेस आगरा से प्रकाशित। RNI Registration No., UPHIN/2021/88376। प्रधान संपादक अरविन्द सिंह। चेयरमैन-स्वतंत्र कुमार। प्रबंध निदेशक ब्रजेश सिकरवार। E MAIL newsnextindia1@gmail.com, Website:-www.nnindianews.com
(प्रधान संपादक इस अंक में समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी है )

NNI
हर खबर पर पक्की नजर

मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया



# महिलाओं पर अभद्र टिप्पणी कर बुरे फंसे अनिरुद्धाचार्य

## मुकदमा दर्ज कराने के लिए मीरा पहुंचीं कोर्ट





एनएनआई

**मथुरा।** कथा वाचक अनिरुद्धाचार्य के खिलाफ कोर्ट में मुकदमा दर्ज कराने के लिए याचिका दायर करने वालों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। हिंदू महासभा आगरा की जिलाध्यक्ष ने बृहस्पतिवार को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की कोर्ट में वाद दायर करने के लिए अर्जी दाखिल की है। बुधवार को महिला अधिवक्ता वाद दायर करा चुकी हैं।

आगरा के ताजगंज स्थित नगला महादेव निवासी हिंदू महासभा की जिलाध्यक्ष मीरा राठौर ने बृहस्पतिवार को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की कोर्ट में अर्जी दाखिल की है। दाखिल अर्जी में उन्होंने कहा है कि 28 जुलाई को वह वृंदावन में बांकेबिहारीजी के दर्शन के लिए गई थीं। इस दौरान उन्हें जानकारी हुई कि कथा वाचक अनिरुद्धाचार्य ने अपनी कथा में लड़कियों की शादी की उम्र पर सवालिया निशान लगाते हुए गलत टिप्पणी की थी।

व्यास पीठ पर बैठकर अनिरुद्धाचार्य ने बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के अनुसार शादी की निर्धारित उम्र के ऊपर भी सवालिया निशान लगाया है। इससे समाज में वर्षों पहले बंद हुई बाल विवाह की परंपरा को पुनः बढ़ावा मिलेगा। इससे महिलाओं की भावनाओं आहत हुई हैं। उन्होंने 28 जुलाई को वृंदावन कोतवाली में तहरीर दी थी, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। इससे पूर्व बुधवार को महिला अधिवक्ता प्रियदर्शिनी मिश्रा और सौम्या शुक्ला भी एसीजेएम (प्रथम) के यहां भागवताचार्य के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए वाद दायर करा चुकी हैं।

# सड़क दुर्घटनाओं में दो युवकों की मौत

**फिरोजाबाद** एनएनआई। टूंडला और मक्खनपुर क्षेत्र में हुई सड़क दुर्घटनाओं में दो युवकों की मृत्यु हो गई। पहली घटना टूंडला में हुई जहां अलवालपुर रोड निवासी 30 वर्षीय विनय कुमार सब्जी लेने गए थे। तहसील कार्यालय के पास एक बेकाबू कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। थार सवार दुर्घटना के बाद रुके और घायल के पास गए। लेकिन सिर से खून बहता देख वे भाग गए। विनय नोएडा में प्राइवेट नौकरी करते थे और छुट्टी पर घर आए थे। उनकी आठ माह की बेटी है। टक्कर इतनी जोरदार थी कि हेलमेट पहने होने के बावजूद उनके सिर में गंभीर चोट लगी। घटनास्थल से कार की नंबर प्लेट मिली है। इंस्पेक्टर अंजीश कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। दूसरी घटना मक्खनपुर में इंदुमई के पास हुई। मैनपुरी के घिरोर के बड़ाहार गांव निवासी 30 वर्षीय फिरोज हरियाणा में राखी दुकान लगाते थे। उनके ससुर की मृत्यु होने पर वे रात में बाइक से ससुराल जा रहे थे। मक्खनपुर में इंदुमई गांव के पास पहुंचे थे कि पीछे से किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि हेलमेट बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई।

# कहासुनी के बाद गुस्से में पति ने की पत्नी की हत्या



एनएनआई

**फिरोजाबाद।** थाना उत्तर क्षेत्र स्थित श्रीराम कॉलोनी हरी नगर गली नंबर 1 में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। यहां एक पति ने अपनी पत्नी की हत्या कर दी।

घटना में योगेश दीक्षित ने अपनी पत्नी अर्चना दीक्षित के सिर पर भारी वस्तु से प्रहार किया। इस हमले में अर्चना की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, हत्या से पहले पति-पत्नी के बीच कहासुनी हुई थी।सूचना मिलते ही मौके पर थाना पुलिस के साथ वरिष्ठ अधिकारी भी पहुंचे। इनमें सीओ सिटी अरुण कुमार चौरसिया और एसपी सिटी रवि शंकर प्रसाद शामिल थे। पुलिस ने मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवा दिया है। एसपी सिटी रवि शंकर प्रसाद ने घटनास्थल पर मामले की जानकारी दी। पुलिस आरोपी पति के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर रही है।

मामले की जांच जारी है और पुलिस हत्या के पीछे के सटीक कारणों का पता लगाने में जुटी है। एसपी सिटी ने बताया कि आरोपी पति को हिरासत में लिया गया है और उससे पूछताछ की जा रही है। देर रात्रि में यह घटना घटित हुई है। मृतका के मायका पक्ष को भी घटना की जानकारी दे दी गई है।

# फांसी के फंदे पर लटका मिला सीआरपीएफ जवान

एनएनआई

**मथुरा।** बलदेव थाना क्षेत्र के रहने वाले 30 वर्षीय सीआरपीएफ जवान ने फंदे से लटक कर अपनी जान दे दी। जवान ने ये आत्मघाती कदम क्यों उठाया, इस बारे में स्पष्ट जानकारी नहीं हो सकी है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

बलदेव थाना क्षेत्र के गांव आंगई निवासी सीआरपीएफ जवान विनय प्रताप (30) ने मंगलवार रात दो बजे कमरे में लगे पंखे के हुक पर फंदे से लटक गए। परिजनों ने जब ये दृश्य देखा तो चीख पड़े। तत्काल उन्हें फंदे से उतारकर अस्पताल ले जाया गया। चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

सीआरपीएफ जवान विनय प्रताप मणिपुर में ड्यूटी पर तैनात थे। उन्हें 6 अगस्त को ड्यूटी पर जाना था, लेकिन होनी को और कुछ मंजूर था। परिजनों ने बताया कि 2012 में वो सीआरपीएफ में भर्ती हुए थे। नौ वर्ष पहले उनकी शादी हुई थी। पांच साल



का बेटा भी है। 25 जुलाई को वे अवकाश लेकर घर आए थे। सीआरपीएफ के जवान द्वारा उठाए गए इस कदम से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

वहीं घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने जवान के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थानाध्यक्ष रंजना सचान ने बताया मामला प्रथम दृष्ट्या पारिवारिक क्लेश के चलते हुआ है। मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है।

# रक्षाबंधन से पहले खाद्य सुरक्षा विभाग की छापेमारी

## मिठाई दुकानों और डेयरी से लिए गए नमूने, खराब फल और बेसन कराया नष्ट





एनएनआई

**हाथरस।** रक्षाबंधन त्योहार को देखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग लगातार निरीक्षण और छापामार कार्रवाई कर रहा है। सहायक आयुक्त खाद्य रणधीर सिंह और मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी पंकज कुमार गुप्ता के नेतृत्व में खाद्य सचल टीम ने सिकंदराराऊ में छापामार कार्रवाई की। सिकंदराऊ स्थित ब्रज स्वीट्स से गुलाब जामुन का नमूना जांच के लिए लिया गया।

नितिन मिष्ठान भंडार से घेवर का नमूना और वकील मिल्क डेयरी से दूध का नमूना भी जांच हेतु लिया गया। इसी क्रम में चंदन स्वीट्स अगसौली चौराहा से घेवर का नमूना भी लिया गया। टीम ने लगभग 10 किलो खराब अवस्था में पाए गए बेसन को खाद्य कारोबारी को चेतावनी देते हुए नष्ट कर दिया। अगसौली चौराहे पर एक फल विक्रेता से लगभग 10 किलो खराब केले, नाशपाती और अनार को मौके से हटवाया गया। गंगचोली स्थित दूध की डेयरी से मिश्रित दूध का नमूना भी जांच के लिए लिया गया। इस दौरान कुछ दुकानदार दुकान बंद कर वहां से भाग गए।

**प्रयोगशाला में भेजे गए हैं नमूने...**

मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी पंकज कुमार गुप्ता ने बताया कि सभी नमूने जांच हेतु प्रयोगशाला भेज दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि अग्रिम कार्रवाई रिपोर्ट प्राप्ति के बाद की जाएगी। खाद्य सचल दल में डॉ विकास कुमार, ओमकार कुशवाहा, करतार सिंह और सुरेंद्र कुमार गोंड खाद्य सुरक्षा अधिकारी उपस्थित रहे।

# पुलिस के आपरेशन में लंगड़ा हुआ भाजपा नेता का हमलावर



- हरीपर्वत पुलिस ने 24 घंटे के भीतर मुख्य आरोपी को किया गिरफ्तार, पैर में लगी गोली
- बीती रात शाह मार्केट के बाहर भाजपा नेता पर की थी फायरिंग

एनएनआई

**आगरा।** हरीपर्वत पुलिस ने 24 घंटे के भीतर ही भाजपा नेता पर फायरिंग करने वाले मुख्य आरोपी को देर रात मुठभेड़ में दबोचने में कामयाबी हासिल की है। पुलिस की जवाबी कार्रवाई आरोपी के पैर में गोली लगी। उसे घायल हालत में उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

घटना बीती रात 11:30 बजे की है। सुमित दिवाकर शाह मार्केट के बाहर एक ठेल पर अंडे खाने गए थे। तभी वहां पर तीन युवक आए। आते ही उन्होंने गाली गलौज करते हुए हत्या की नीयत से सीधे गोली मार दी। गोली उनके कान को छूते हुए निकली। गोली चलते ही पास में खड़े लोगों के बीच में भगदड़ मच गई। हमलावर भी मौके से भाग गए। सुमित दिवाकर के द्वारा गोली मारने वाले दबंगों की पहचान भी कर ली गई थी। इसमें एक का नाम सोहेल बताया गया। देर रात हरी पर्वत थाना पुलिस को सूचना मिली कि सोहेल पालीवाल पार्क की ओर से कहीं भागने की फिराक में है। चौकी प्रभारी नेहरू नगर मोहित शर्मा ने उसे पकड़ने के लिए चेकिंग शुरू कर दी। पुलिस को देख सोहेल ने

फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी फायरिंग में उसके पैर में गोली लगी। वह घायल होकर जमीन पर गिर पड़ा। सूचना पर एएसपी भी मौके पर पहुंच गए। 24 घंटे के अंदर ही मुख्य आरोपी के पकड़े जाने पर चौकी प्रभारी मोहित शर्मा और अन्य पुलिस कर्मियों की अधिकारियों ने पीठ थपथपाई है।

# रक्षाबंधन से पहले इकलौते भाई ने कर ली आत्महत्या

- राखी बांधने आ रही बहन रो-रो कर बेहाल
- फंदे पर लटकी मिली युवक की लाश

एनएनआई

**आगरा।** लोहामंडी क्षेत्र में अगरबत्ती कारोबारी के 22 वर्षीय बेटे देव सिंघल ने बुधवार रात गोकुलपुरा स्थित गोदाम में फांसी के फंदे पर लटक कर जान दे दी। उसका शव फंदे पर लटका देखकर परिजनों में कोहराम मच गया। इकलौते भाई की कलाई पर राजस्थान के सीकर से राखी बांधने आ रही बहन खबर सुनकर बेसुध हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा परिजन को सौंप दिया। शाहगंज थाना क्षेत्र के शांतिनगर निवासी संजय सिंघल अगरबत्ती व्यापारी हैं। उनका इकलौता बेटा देव सिंघल व्यापार में हाथ बंटाता था और बेटी खुशी राजस्थान के सीकर से नीट की तैयारी कर रही है।

रक्षाबंधन का त्योहार होने के कारण संजय बुधवार को बेटी को लेने चले गए। बेटा व्यापार संभाल रहा था। बुधवार शाम को 7 बजे गोदाम में माल उतारने के बाद घर चला गया और सो गया। एक घंटे बाद जागकर घर से हाथ में थैला लेकर स्कूटर से निकल गया। काफी देर तक लौटकर नहीं आने पर मां सीमा सिंघल ने कॉल किया, लेकिन उसने कॉल कट कर दी।

पिता और बहन के कॉल पर भी बात नहीं की। इस पर संजय ने रात 11 बजे पत्नी को गोदाम पर भेजा। उन्होंने देखा बाहर स्कूटर खड़ा था। दरवाजा अंदर से बंद था। आवाज देने के बाद भी गेट नहीं खुला। इस पर उन्हें शक हुआ। स्कूटर दरवाजे के पास खड़ा कर उन्होंने रोशनदान से अंदर झांककर अंदर देखा तो बेटा देव मां साड़ी के बने फंदे से लटका था। यह देख सीमा की चीख निकल गई।

शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर आ गए। उनकी मदद से दरवाजा तोड़ा। तब तक देव की मौत हो चुकी थी। भाई मौत की सुन राखी बांधने आ रही बहन बेसुध हो गई। उसका रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस का कहना है कि परिजन ने अभी तहरीर नहीं दी है। शव का पोस्टमार्टम करा दिया गया है।

## सांड ने सीने में घुसा दिए सींग, ऑपरेशन के बाद बची जान



**आगरा (एनएनआई)।** सांड ने एक ग्रामीण के सीने में सींग घुसा दिया। उसके अंदरूनी अंग क्षतिग्रस्त हो गए। आंत बाहर आ गई। गंभीर हालत में उसे एसएन मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी में भर्ती कराया गया। यहां चार घंटे की जटिल सर्जरी कर उसकी जान बचाई। 10 दिन भर्ती रहने के बाद मरीज को डिस्चार्ज कर दिया है। एटा निवासी 33 साल के सतेंद्र के सीने में सांड ने सींग घुसेड़ दिया। कार्डियोथोरेसिक वेस्कुलर सर्जन डॉ. सुशील सिंघल ने बताया कि सांड ने पसलियों के पास सींग घुसा दिया। इससे पेट और छाती के बीच की झिल्ली में 25 सेमी छेद हो गया था। इससे एक फेफड़े ने कार्य करना बंद कर दिया था। आंत भी बाहर आ गई थी। निजी अस्पताल में दिखाने पर तत्काल इमरजेंसी रैफर कर दिया। यहां छाती खोलकर क्षतिग्रस्त अंगों की सर्जरी कर अंदर किया गया। चार घंटे ऑपरेशन चला और आईसीयू में भर्ती किया। फॉलोअप के बाद मरीज की हालत पूरी तरह से ठीक हो चुकी है। प्राचार्य डॉ. प्रशांत गुप्ता ने बताया कि सुपर स्पेशियलिटी सेंटर बनने से अतिगंभीर मामलों की भी सर्जरी हो रही है। 6 लाख रुपये से अधिक का खर्च आता है।

## गिरफ्त में आई ठग दम्पत्ति सोना नकली और ठगी

**आगरा (एनएनआई)।** असली बताकर नकली सोने थमा ठगी करने वाले शातिर पति-पत्नी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। पुलिस ने इनके कब्जे से से नकली सोने के आभूषण बरामद किए हैं। थानध्यक्ष ट्रांसयमुना रोहित कुमार ने बताया कि गुरुवार को सूचना मिली कि बीते सोमवार को एक महिला पीड़ित के पास पहुंची और अस्पताल में भर्ती उसके बच्चे का हवाला देते हुए कुछ रुपयों की मदद मांगी। सोने की चेन गिरवी रखते हुए वह पीड़िता से चालीस हजार रुपये नगद ले गई। अगले दिन महिला अपने पति दीपक दीक्षित और एक अन्य व्यक्ति के साथ उसके घर पहुंची और झुमकी दिखाते हुए कहाकि इसे गिरवी रखकर तीस हजार रुपये नगद दे दें। शक होने पर पीड़िता द्वारा पहले से गिरवी रखी सोने की चेन और झुमकी लेकर सुनार के पास चेक कराने पहुंची। जहां उसे इनके नकली होने की असलियत मालूम पड़ी। पीड़िता द्वारा महिला और उसके पति को पकड़ लिया। जबकि साथ आया युवक भागने में सफल रहा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पति-पत्नी को गिरफ्तार कर लिया। दोनों के कब्जे से नकली आभूषण बरामद हुए। पुलिस ने पकड़े गए ठग महिला और उसके पति दीपक कुमार पुत्र रोहताश निवासी कालिंदी विहार डी-ब्लॉक को जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार दीपक काफी शातिर किस्म का अपराधी है। उसके ऊपर विभिन्न थानों में कई मुकदमे पंजीकृत हैं।

# वेज बिरयानी की दुकान का कर्मचारी बना करोड़पति

**साइबर ठगी से छह माह में कमाए 3.02 करोड़ रुपये, बंटवारे की रकम के विवाद में पुलिस की गिरफ्त में आए**

एनएनआई

**आगरा।** महंगे शौक और शाही रहन-सहन के चक्कर में वेज बिरयानी की दुकान पर काम करने वाला युवक साइबर ठगों के जाल में फंस गया। वह अपने बैंक खाते में कमीशन पर ठगी की रकम जमा कराने लगा। एक महीने में 6 राज्यों से 3 करोड़ से अधिक की राशि जमा करा ली। 15 लाख रुपये हड़पने पर साथियों में विवाद हुआ तो आरोपी के रिश्तेदार नेही पुलिस से शिकायत कर दी। पुलिस ने आरोपी सहित दो को गिरफ्तार किया है।

एडीसीपी आदित्य सिंह ने बताया कि शाहगंज निवासी अमन गौरी ने पुलिस से शिकायत की। कहा कि वह एक वेज बिरयानी की दुकान पर काम करता है। दुकान पर काम करने उसका जीजा हैदर भी आया करता था। उनका मूंगफली का भी गोदाम है। दुकान पर आगरा के ही हनी, मनी और अमन त्रिवेदी भी आया करते थे। वह अक्सर नया फोन, महंगी घड़ी, कपड़े पहनते और गाड़ी से आते थे। लाखों के लेन-देन के बारे में चर्चा करते थे।

यह देखकर उसने तीनों से उनके व्यवसाय के बारे में पूछा। उन्होंने बताया कि वह साइबर ठगी करते हैं। खातों में रकम जमा करा लेते हैं। इसको निकालकर अपने शौक पूरे करते हैं। उसे भी खाता नम्बर देने पर 7 से 8 फीसदी कमीशन देने की बात कही। धोखाधड़ी के बारे में सुनकर पहले उसने मना कर दिया, लेकिन यह बात उसके जीजा हैदर भी सुन रहा था। उन्होंने लालच में अपना बंधन बैंक का खाता नंबर दे दिया। इसमें जो रकम आती थी, उसे वो तीनों आरोपियों को दिया करते थे। अमन ने कहा कि एक दिन जीजा (हैदर) लापता हो गया। बाद में हनी अपने साथियों के साथ घर पहुंचा। बताया कि हैदर 15 लाख रुपये लेकर चला गया है। वह उस पर रुपये देने का दबाव डालने लगे। इस पर वो पुलिस के पास पहुंचा। मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर लिया। पुलिस ने बुधवार रात को पोइया घाट से हैदर और उसके साथी अब्दुल कादिर को गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से 1 लैपटॉप और 3 मोबाइल बरामद किए गए।



### दिल्ली, गुरुग्राम, महाराष्ट्र, कर्नाटक से आई रकम

पुलिस ने समन्वय पोर्टल पर हैदर के खाते को चेक किया। इसमें पता चला कि खाते के खिलाफ 6 शिकायत दर्ज हैं। थाना गांधी नगर (कोट्टयम, केरल), थाना स्पेशल (दिल्ली), थाना साइबर वेस्ट (गुरुग्राम), बंगलूरू (कर्नाटक), थाना साइबर नॉर्थ (मुंबई) और साइबर क्राइम थाना (हैदराबाद, तेलंगाना) ने शिकायत की है। खाते में 40 हजार, 61,88,999 रुपये, 14,04,000 रुपये, 38,56,485 रुपये, 51,46,811.7 रुपये और 1,35,95,000 रुपये आए हैं। पुलिस को आशंका है कि अमूमन साइबर अपराधी रकम डिजिटल अरेस्ट इतनी रकम जमा कराते हैं। आरोपियों के पास भी इसी तरह से ठगी करके रकम आई होगी। अब टीम अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी में लगी है।

### लालच में नहीं आएं, पुलिस की है नजर

डीसीपी सिटी सोनम कुमार ने बताया कि साइबर ठग मजदूर वर्ग के लोगों को लालच देते हैं। खाते और मोबाइल नंबर देने पर कमीशन की बात कही जाती है। ठगी होने पर पीड़ित पुलिस से शिकायत करते हैं। इससे संबंधित खातों को फ्रीज कराया जाता है। जिन लोगों के खातों में रकम आती है, वह भी आरोपी बनाए जाते हैं। इसलिए ध्यान रखें कि किसी के लालच में आकर खाते आदि की जानकारी नहीं दें।

### लैपटॉप में कंप्लीट टास्क और टारगेट कोड वर्ड

हैदर के चालू खाते में 1 महीने के अंदर 3 करोड़ से अधिक की रकम अलग-अलग राज्य के खातों से आई थी। साइबर ठग गिरोह ने लोगों को डिजिटल अरेस्ट किया था। हनी, मनी और अमन भी इसी गिरोह से जुड़े हुए हैं। वह पकड़े नहीं गए हैं। आरोपियों के पास से एक लैपटॉप मिला। हैदर का मूंगफली का गोदाम भी है। लैपटॉप को आरोपी गोदाम पर ले जाते थे। इसके बाद ठगी की जाती थी। जिन लोगों को ठगा जाना है, उनके नाम की फाइल टारगेट के नाम से बनाते थे। वहीं जिन लोगों को ठग लिया जाता था, उनकी फाइल कंप्लीट टास्क के नाम से रखते थे। फाइल में लोगों के मोबाइल नंबर और नाम की जानकारी होती थी।

## वैधानिक सूचना

सुधि पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गये तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति विज्ञापन दाता खुद ही जिम्मेदार है, पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। किसी भी विज्ञापन से पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो न्यूज नेक्स्ट इंडिया के मुद्रक, प्रकाशक या संपादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

NNI
हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
आगरा
www.nnindianews.com
शुक्रवार, 08 अगस्त, 2025


# घेवर से सजे रक्षाबंधन के बाजार



एनएनआई

**आगरा।** सावन में घेवर की बिक्री रक्षा बंधन पर सबसे अधिक होती है। मिष्ठान विक्रेता रामकुमार के मुताबिक रक्षाबंधन पर बहन जब राखी की थाली सजाती है तो उसमें घेवर होता है। आगरा ब्रज के सरहद से सटा है। राजस्थान से भी सीमाएं लगती हैं। इसीलिए सावन पर यहां घेवर का रिवाज ज्यादा है। एक अनुमान के अनुसार शहर में रक्षाबंधन के दिन पांच करोड से भी अधिक का

## सावन में बिक जाता है करोडों का घेवर

घेवर बिक जाता है। सावन शुरू होते ही कारीगरों की टीम घेवर बनाना शुरू कर देती है। रक्षाबंधन के लगते ही कारीगर इसे बनाने में जुट जाते हैं। माल तैयार होने के बाद आर्डर पर माल भेजा जाना शुरू हो जाता है। साथ ही दुकानों पर घरेलू ग्राहकों को भी माल भेजा जाता है। फुटकर में सामान्य घेवर 400 से 500 रुपये प्रतिकिलो तक बिक रहा है। जबकि नामचीन और ऊंची दुकानों पर 700 से 800 रुपये का भाव है। सोने की परत वाला घेवर आजकल प्रचलन में है। जिसका दाम और भी ऊंचा है।

**सावन के मौसम की स्पेशल मिठाई घेवर की मिठास दुकानों पर सज गई हैं। इन्हें तैयार करने के लिए कारीगर काफी समय पहले से जुटे हैं। अकेले आगरा में घेवर का सावन के महीने में करोडों का कारोबार होता है। ब्रज में सावन माह में घेवर का विशेष क्रेज है। सावन के महीने में घेवर की मांग बहुत होती है। रक्षाबंधन के मौके पर सबसे ज्यादा इसी की खपत होती है।**

# निराला हो मेरे भैया का रक्षा सूत्र

**आगरा।** भाई-बहन के प्यार का पवित्र त्योहार रक्षाबंधन को लेकर राखी के बाजार गुलजार हो गए हैं। शनिवार को रक्षाबंधन पर्व मनाया जाएगा। वहीं शहर से लेकर देहात तक भाइयों की कलाई पर सजने वाली रेशम की डोर के बाजार में खरीदारों की भीड़ उमड़ रही है।बाजारों में बड़ी संख्या में बहने राखी की खरीददारी करने लगी हैं। बाजार में तरह-तरह राखियों के साथ ही चांदी की राखी देखने को मिल रही है। इस बार बाजार में महंगाई की मार राखी पर देखने को मिल रही है। एक रेशम की डोर 10 से 15 रुपए में विक्रय की जा रही है। इसी तरह डिजाइनर राखी 50 से 150 रुपए में बेची जा रहीं हैं। लोगों का कहना है कि जो रेशम की डोर 5 रुपए की होनी चाहिए उसे 10

**रक्षाबंधन पर बाजारों में राखी की खरीदारी को उमड़ रही भीड़**



रुपए में बेचा जा रहा है। इसी तरह चांदी व फैंसी राखी 50-100 रुपए तक बेची जा रही हैं।

### भाई की कलाई पर महकेगी चंदन, कलावे और तुलसी की राखी

जनपद के देहात क्षेत्र बाह, जरार, भदरौली, बटेश्वर में रक्षा बंधन पर राखियों का बाजार सज गया है। राखियों की दुकानों पर खरीददारों की भीड़ रही है। चंदन, कलावे और तुलसी की राखी की खूब बिक्री हो रही है। राखी खरीद रही नीरज, विनीता, मोहिनी ने बताया कि चंदन और तुलसी की राखी उनकी पहली पसंद है। इसके अलावा भाई के नाम वाली राखी, स्टोन राखी, वूडेन वाली राखियां भी बाजार में खूब बिक रही हैं। इनकी कीमत 60 से 700 रुपये तक है। राखी कारोबारी राजू गुप्ता ने बताया कि राखियां लोगों की पसंद को ध्यान में रखते हुए मंगाई गई हैं। रेशमी धागे, कच्चे सूत और कलावे के साथ चंदन और तुलसी से बनी राखी ज्यादा बिक रही हैं। वुडेन, मेटैलिक राखियों की मांग इस बार कम है। चांदी और गोल्डेन पॉलिश वाली राखियां भी बाजार में बिक रही हैं।

# 'फुटपाथ से दुकानदारों को हटाने पर एसडीएम ऑफिस में डाल देंगे ताला'

## सिस्टम सुधार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष की प्रशासन को चेतावनी

एनएनआई

**एत्मादपुर।** किसानों की समस्याओं को लेकर आंदोलित सिस्टम सुधार संगठन ने चेतावनी दी है कि अगर फुटपाथ पर रोजी-रोटी कमाने वाले गरीब, दिहाड़ी मजदूरों की दुकानों को अवैध अतिक्रमण के नाम पर हटाया गया तो संगठन के कार्यकर्ता विरोध स्वरूप तहसील के एसडीएम कार्यालय में ताला डाल देंगे। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अंशुमन ठाकुर का नगर पालिका परिषद के सभासद मुफीज खां द्वारा नगर के फुटपाथों से अतिक्रमण हटाए जाने की मांग करते हुए संपूर्ण समाधान दिवस में की गई शिकायत की प्रतिक्रिया स्वरूप प्रशासनिक कार्रवाई पर दिया गया यह बयान सोशल मीडिया पर चर्चा बना हुआ है। उन्होंने कहा है कि स्थानीय प्रशासन को समाज के दुर्बल आय वर्ग के गरीब, पीड़ितों का हित रक्षक होना चाहिए न कि तानाशाह। नगर के दिहाड़ी मजदूर और छोटे-छोटे दुकानदार फुटपाथ पर ठेल-ढकेल लगाकर प्रचंड महंगाई में अपना और अपने परिवार का किसी तरह जीवन-यापन कर रहे हैं। इस लिए उन्हें बेरोजगार किया जाना किसी भी तरह से सहन नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा है कि नगर में जगह-जगह दबंग किस्म के लोगों ने होर्डिंग के बड़े-बड़े लोहे के भारी जानलेवा फ्रेम लगाकर पूरे कस्बे के फुटपाथों पर अवैध रूप से अतिक्रमण कर रखा है। प्रशासन को पहले इन्हें और स्थाई रूप से नालों पर अवैध बिल्डिंग बनाकर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ वैधानिक कानूनी कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने कहा है कि इसकी आड़ में बेखौफ गुंडा टैक्स की वसूली चल रही है। कोई भी कार्रवाई पहले इन माफिया के खिलाफ हो, जो स्थाई अतिक्रमण कर मोटा पैसा कमा रहे हैं। इनकी वजह से नगर और आसपास के गांवों से बाजार आने वाली आम जनता की जान को हर समय खतरा बना रहता है। प्रशासन सबसे पहले अवैध होर्डिंग फ्रेम वाले लगाने पर कार्रवाई करे। उसके बाद छोटे-छोटे दुकानदारों को की सोचें, अन्यथा आंदोलन किया जाएगा।

# काकोरी शताब्दी समापन पर निकलेगी तिरंगा रैली, विकास भवन में होगा आयोजन

एनएनआई

**आगरा।** जिलाधिकारी अरविंद मल्लप्पा बंगारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समापन समारोह और 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर बैठक हुई। तैयारी के अनुसार, विकास भवन से तिरंगा प्रभात फेरी और मोटरसाइकिल रैली निकाली जाएगी, जो शहीद स्मारक पर संपन्न होगी।

यहां 'एक पेड़ मां के नाम' के तहत वृक्षारोपण और राष्ट्रधुन का वादन किया जाएगा। मुख्य कार्यक्रम विकास भवन प्रांगण में होगा, जहां एलईडी के माध्यम से लखनऊ में आयोजित काकोरी शताब्दी समापन समारोह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का संबोधन सीधा प्रसारित होगा। इसी स्थल पर तिरंगा



मेला, काकोरी एक्शन व स्वतंत्रता संग्राम से जुड़ी अभिलेख प्रदर्शनी, सैनिकों व पुलिस बल को तिरंगा राखी बांधने का कार्यक्रम, भाषण, निबंध और सुलेख प्रतियोगिताएं होंगी। विजेताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान और तिरंगा रैलियों का आयोजन विशेष रूप से शहीद स्मारकों, शहीद पार्कों, अमृत वाटिकाओं और अमृत सरोवरों पर किया जाए, ताकि कार्यक्रम देशभक्ति और जनभागीदारी के साथ संपन्न हो।

# महिलाओं की राह में अदृश्य बाधाएं हटाने का संकल्प

## आंबेडकर विश्वविद्यालय में संगोष्ठी का आयोजन

एनएनआई



**आगरा।** डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के गृह विज्ञान संस्थान में महिला प्रकोष्ठ द्वारा 'ग्लास सीलिंग सिंड्रोम' (महिलाओं के लिए अदृश्य बाधाएं) पर जागरूकता संगोष्ठी आयोजित की गई। कुलपति प्रो. आशु रानी के निर्देशन में हुए इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं के पेशेवर और शैक्षिक प्रगति में आने वाली अदृश्य रुकावटों के प्रति जागरूकता फैलाना था। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रो. अर्चना सिंह और डॉ. नीलम यादव ने किया, जबकि संचालन डॉ. रत्ना पांडे और डॉ. प्रीति यादव ने किया। मुख्य अतिथि एडवोकेट नम्रता मिश्रा और जेंडर स्टडीज विशेषज्ञ एवं मीडिया एडिटर इमरीन फरहत अली ने सामाजिक और संस्थागत ढांचों द्वारा महिलाओं को उच्च पदों से रोकने वाली चुनौतियों पर विचार रखे। नम्रता मिश्रा ने घरेलू जिम्मेदारियों और पुरुष-प्रधान मानसिकता को महिलाओं की प्रगति में बड़ी बाधा बताते हुए थर्ड जेंडर के अधिकारों और हालिया कानूनी बदलावों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने सावित्रीबाई फुले और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जैसे उदाहरणों को प्रेरणास्रोत बताया। इमरीन फरहत अली ने कहा कि 'ग्लास सीलिंग सिंड्रोम' केवल कार्यक्षेत्र तक सीमित नहीं, बल्कि सामाजिक रूढ़ियों को तोड़ना भी आवश्यक है। संगोष्ठी में इसके मनोवैज्ञानिक प्रभाव, भारतीय संदर्भ और नेतृत्व में महिलाओं को सशक्त बनाने की रणनीतियों पर चर्चा हुई। छात्रों और शिक्षकों ने सक्रिय भागीदारी की। अंत में प्रो. अर्चना सिंह और डॉ. नीलम यादव ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# त्याग, तप और बलिदान की अद्भुत मिसाल थे अमरचंद जैन: सौम्य सागर

## जैन स्वतंत्रता सेनानी अमरचंद जैन के 'अमर बलिदान' की गाथा सुनाई

एनएनआई



**आगरा।** छिपीटोला स्थित निर्मल सदन में चल रही स्वतंत्रता विशेष धर्मसभा के सातवें दिन मुनि सौम्य सागर महाराज ने जैन स्वतंत्रता सेनानी और ग्वालियर के कोषाध्यक्ष अमरचंद जैन के त्याग व बलिदान की प्रेरक गाथा सुनाई। मुनिश्री ने कहा, सुनो आगरा वालों, अमरचंद जैन का त्याग हमेशा गर्व से याद रखना। झांसी की रानी के संघर्षकाल में जब सैनिकों को तीन माह से वेतन नहीं मिला, तो अमरचंद जैन ने न केवल तीन माह का वेतन दिलवाया बल्कि दो माह का वेतन अग्रिम देकर अपना पूरा खजाना देशहित में खोल दिया। उनकी देशभक्ति से अंग्रेज अधिकारी आक्रोशित हो उठे। 21 जून को फांसी की सजा सुनाने से पहले उनके पोते की हत्या, गर्म पानी में डालना, अंगों पर वजन बांधना और तरह-तरह की यातनाएं दी गईं। फांसी के समय अद्भुत घटनाएं हुईं–पहली बार रस्सी टूटी, दूसरी बार फिर रस्सी टूटी और तीसरी बार नीम की डाली टूट गई। समय निकल जाने पर अंग्रेज अधिकारी स्मिथ ने नियम तोड़ते हुए उन्हें तीन दिन तक चौराहे पर लटकाए रखा। अमरचंद जैन नमोकार मंत्र का जाप करते हुए शहीद हुए और सदा के लिए अमर हो गए। आज भी ग्वालियर सदर में उनकी प्रतिमा उनके बलिदान की गवाही देती है। मुनिश्री ने कहा, इतिहास में हजारों जैन क्रांतिवीरों के नाम दर्ज हैं, लेकिन अनेक बलिदानी गुमनाम रह गए। हमारे सही इतिहास को हमें जानना और अगली पीढ़ी को बताना चाहिए। कार्यक्रम में दूर-दराज से आए सैकड़ों श्रद्धालुओं ने मुनिश्री का पाद प्रक्षालन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

# भाविप संपर्क ने नुक्कड़ नाटक से दिया नशा मुक्ति का संदेश

## स्पीड कलर लैब चौराहे पर नुक्कड़ नाटक

एनएनआई



**आगरा।** भारत विकास परिषद् संपर्क शाखा की ओर से नशा मुक्ति का संदेश देने के उद्देश्य से संजय प्लेस स्थित स्पीड कलर लैब चौराहे पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। नाटक का निर्देशन कैप्टन डॉ. अमित अग्रवाल ने किया, जिसे आगरा कॉलेज के एनसीसी कैडेट्स ने प्रस्तुत किया। शुभारंभ विनय सिंघल और वीरेंद्र सिंघल ने किया। अध्यक्ष डॉ. दिग्जेंद्र सिंह ने बताया कि संस्कृति माह के अंतर्गत आयोजित इस नुक्कड़ नाटक का उद्देश्य युवाओं और राहगीरों को नशे के खतरों से आगाह करना था। नाटक में नशे के कारण होने वाले शारीरिक, मानसिक और सामाजिक दुष्परिणामों को रोचक अंदाज में प्रस्तुत किया गया। कलाकारों ने संदेश दिया कि नशाखोरी न केवल स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाती है, बल्कि परिवार और समाज पर भी नकारात्मक प्रभाव डालती है। नाटक के अंत में कोरस गायन के साथ सभी दर्शकों को नशा छोड़ने और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने की सामूहिक शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में उपस्थित सभी एनसीसी कैडेट्स को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सचिव इना फौजदार, डॉ. संध्या अग्रवाल, प्रवीण जैन, अनिल जैन, वंदना जैन सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# जिला पंचायत में 51 वार्डों में प्रत्याशी उतारेगी सपा

एनएनआई




**आगरा।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार जिला कार्यालय पर मासिक बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष श्रीकृष्ण वर्मा ने की, जिसमें पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे। बैठक में संगठनात्मक मजबूती और आगामी राजनीतिक रणनीति पर चर्चा हुई। श्रीकृष्ण वर्मा ने बताया कि 2027 की तैयारी शुरू हो चुकी है और आगामी जिला पंचायत चुनाव में सपा आगरा जिले के 51 वार्डों में प्रत्याशी उतारेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे अपने क्षेत्रों में सक्रिय रहें, जहां-जहां स्कूलों में ह्तारेह्व लगे हैं, वहां पीडीए पाठशालाएं शुरू करें और किसी भी क्षेत्रीय घटना पर तुरंत संज्ञान लें। उन्होंने भाजपा पर आरोप लगाया कि वह शुरू से पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) वर्ग के खिलाफ रही है और इनके वोटों को बांटने का काम करती है। वर्मा ने कहा कि 2027 में अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने का लक्ष्य है। सपा संविधान, लोकतंत्र और सामाजिक न्याय की रक्षा के लिए संघर्षरत रहेगी। बैठक में नितिन कोहली, राजेश शर्मा, सुधीर दुबे, सत्यभान यादव, तेजवीर सिंह बघेल, पवन प्रजापति, उदल सिंह कुशवाह, महेश सिसोदिया सहित कई नेता मौजूद रहे।

# स्कूलों की मनमानी के खिलाफ 11 से टीम पापा की भूख हड़ताल

एनएनआई



**आगरा।** निजी विद्यालयों की मनमानी और अभिभावकों के शोषण और निःशुल्क शिक्षा के अधिकार के तहत दाखिले में आनाकानी के खिलाफ टीम पापा 11 अगस्त से कलेक्ट्रेट पर अनिश्चितकालीन अनशन शुरू करेगा। पापा टीम के मनोज शर्मा ने बताया कि निजी विद्यालयों के प्रबंधन द्वारा किताब कॉपियों के कमीशन खोरी के चलते निश्चित दुकान से खरीद करवाने को मजबूर किया जा रहा है। स्कूल ड्रेस में भी कमीशन की मार है। शिक्षा विभाग के संरक्षण के कारण निजी विद्यालय बेखौफ हैं। तमाम शिकायतों के बाद भी निजी विद्यालयों की मनमानी पर रोक नहीं लग पा रही है। विभाग शिकायतों का झूठा निस्तारण कर दिया जाता है। हर बार इसी तरह शिक्षा विभाग निजी विद्यालयों का सरपरस्त बन जाता है। शिक्षा विभाग को सरकार की छवि खराब होने की भी कोई चिंता नहीं। अभिभावकों की परेशानियों को लेकर टीम पापा कू मनोज शर्मा ने 11 अगस्त से जिलाधिकारी कार्यालय पर अनिश्चित काल के लिये अन्न जल त्याग कर, आमरण अनशन पर बैठने का एलान किया है।



# बच्चों को स्कूल भेजने के लिए किया जागरूक



- पापा संस्था ने मोतीकुंज और आलमगंज बस्तियों का दो दिवसीय दौरा
- कई शिक्षा से वंचित बच्चों की वास्तविक स्थिति सामने आई

एनएनआई

**आगरा।** प्रोग्रेसिव एसोसिएशन ऑफ पेरेंट्स अवेयरनेस पापा एनजीओ) के सदस्यों ने आज मदिया कटरा, लोहमंडी के पास के सघन क्षेत्र मोतीकुंज, आलमगंज सहित आसपास की बस्तियों का दौरा किया और शिक्षा से वंचित बच्चों की स्थिति का गहराई से मूल्यांकन किया। इस दौरान कई चिंताजनक तथ्य सामने आए..... बहुत से बच्चे आज भी स्कूल नहीं जा पा रहे हैं, कुछ बच्चों को अब तक ट्रांसफर सर्टिफिकेट नहीं मिला है, और कई के पास स्कूल में दाखिले हेतु जरूरी दस्तावेज जैसे जन्म प्रमाणपत्र आधारकार्ड उपलब्ध नहीं हैं.

पापा एनजीओ के सदस्य नवीन कुमार, सपना गुप्ता, मीनाक्षी, रुचि, डिंपल, शिखर और पंकज टंडन ने घर-घर जाकर अभिभावकों और बच्चों से संवाद किया, और उन्हें शिक्षा का अधिकार दिलाने की दिशा में जागरूक किया

नवीन कुमार ने बताया कि हमारे सामने कई ऐसे बच्चे आए जो पढ़ना चाहते हैं लेकिन सिस्टम की कमियों के कारण पीछे छूट गए हैं। अब हमारा फर्ज.है कि हम इनकी आवाज बनें और प्रशासन तक इनकी बात पहुंचाएं।

सपना गुप्ता ने कहा कि "एक माँ ने बताया कि उसके दोनों बच्चे पिछले साल से घर पर बैठे हैं क्योंकि उनके पास न तो ळठ है, न नया स्कूल उन्हें एडमिशन दे रहा है। ये बेहद दर्दनाक स्थिति है।" मीनाक्षी ने कहा कि "शिक्षा केवल अधिकार नहीं, एक जरूरत है। हम चाहते हैं कि इन बस्तियों का हर बच्चा स्कूल जाए और आगे बढ़े। हम हर आवश्यक दस्तावेजी सहायता देने को तैयार हैं।" रुचि ने बताया कि कई बच्चों की आँखों में पढ़ने की चमक दिखी लेकिन परिवारों को मार्गदर्शन और सरकारी सहयोग की जरूरत है। हम इसी दिशा में कार्य कर रहे हैं।" पंकज बोले कि "यह सिर्फ.एक दौरा नहीं था, बल्कि एक संघर्ष की शुरूआत है। हमारी मुहिम तब तक नहीं रुकेगी जब तक हर बच्चा स्कूल नहीं पहुंचता।"

पापा एनजीओ के राष्ट्रीय संयोजक दीपक सिंह सरीन ने कहा कि उनके एनजीओ का उद्देश्य आगरा के हर बच्चे को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना है और इस दिशा में संगठन लगातार बस्तियों में जागरूकता अभियान चला रहा है।

# आयकर रिटर्न और बैलेंस शीट के नए प्रारूप के कारण बढ़ेगी सीए की फीस

एनएनआई

**आगरा।** द इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर अकाउंट्स ऑफ इंडिया की आगरा शाखा की ओर से गुरुवार को संजय प्लेस स्थित शाखा कार्यालय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। लेखा मानकों की लागूयता एवं उन्हें नई बैलेंस शीट प्रारूप में अपनाने की प्रक्रिया विषय पर आयोजित सेमिनार का उद्घाटन आगरा शाखा के अध्यक्ष सीए गौरव सिंघल, सीए ऋषि अग्रवाल, सीए नितिन गुरु और सीए गौरव मल्होत्रा ने दीप प्रवज्जलित कर किया।




वक्ता सीए ऋषि अग्रवाल ने कहा कि सरकार द्वारा लागू नए प्रारूप कंपनियों के शेड्यूल श्क के बैलेंस शीट प्रारूप के समान है, जिसमें कई नई जानकारियाँ देना अनिवार्य कर दिया गया है। इस बदलाव के कारण सीए ऑफिस में अतिरिक्त समय, स्टाफ ट्रेनिंग, संसाधनों की बढ़ोत्तरी एवं लागत में वृद्धि होगी। सीए गौरव मल्होत्रा ने छात्रों को आयकर रिटर्न के फॉर्म में हुए हालिया संशोधनों के बारे में अवगत कराया। उन्होंने फाइलिंग से पहले ध्यान देने योग्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की। नई दिल्ली से पधारे सीए नितिन गुरु जी ने स्टॉक मार्केट में निवेश को लेकर रोचक जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि कैसे युवा वर्ग कम पूंजी से भी निवेश की शुरूआत कर सकता है और लम्बी अवधि में अच्छा पूंजी निर्माण कर सकता है। सेमिनार के दौरान यह सामूहिक रूप से निर्णय लिया गया कि इस बार से क्लाइंट्स की फीस में अनिवार्य रूप से वृद्धि की जाएगी, जिससे इस अतिरिक्त कार्यभार और लागत को संतुलित किया जा सके। इस अवसर पर सिकासा अध्यक्ष सीए आयुष गोयल, सीए अंकित मित्तल, सीए सौरभ नारायण सक्सेना,सीए सचिन बुबना, सीए करण पंजवानी आदि भी उपस्थित रहे।

## हर घर तिरंगा के तहत बनाई तिरंगा राखी

**आगरा** एनएनआई। डॉ भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के गृह विज्ञान संस्थान में कुलपति आशु रानी के मागदर्शन में तिरंगा राखी बनाने का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छात्राओं ने तिरंगा थीम पर राखी बनाई। उत्पल एवं अरसला द्वारा एयर ड्राई क्ले से बनाई गई राखी आकर्षण का मुख्य केंद्र रही। प्रोफेसर अर्चना सिंह (डीन होम साइंस), डॉ नीलम यादव, डॉ नम्रता मिश्रा, मिस इरमीन फरहत अली, डॉ प्रीति सिंह ने छात्राओं को प्रोत्साहित किया। डॉ कविता सिंह के द्वारा कार्यक्रम का सफल संचालन किया गया। संस्थान की शिक्षकाएं डॉ दीप्ति सिंह, डॉ नेहा सक्सेना, डॉ अनुपमा गुप्ता, , डॉ प्रिया यादव, डॉ रश्मि शर्मा, डॉ प्रीति यादव उपस्थित रहे।




## विश्व स्तनपान सप्ताहः बस्ती में महिलाओं को किया जागरूक

एनएनआई

**आगरा।** डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के गृह विज्ञान संस्थान के आहार एवं पोषण विभाग तथा विश्वविद्यालय की वीमेन सेल के संयुक्त तत्वावधान में विश्व स्तनपान सप्ताह के अवसर पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम कुलपति प्रो. आशु रानी के निर्देशन एवं विभागाध्यक्ष प्रो. अर्चना सिंह के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

यह कार्यक्रम बापू नगर बस्ती में महिलाओं के बीच स्तनपान को लेकर जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। कार्यक्रम संस्थान की रजनी यादव जे सहयोग से डॉ. दीप्ति सिंह और डॉ. प्रिया यादव ने आयोजित किया। इस दौरान एम.एस.सी. चतुर्थ सेमेस्टर की छात्राओं ने क्षेत्र की महिलाओं का पोषण स्तर का आकलन किया और उन्हें संतुलित आहार व पोषण संबंधी जानकारी दी।

कार्यक्रम की एक विशेष प्रस्तुति के रूप में छात्राओं ने नाटक के माध्यम से महिलाओं को स्तनपान की सही मुद्राओं, आहार संबंधी सावधानियों, तथा कामकाजी महिलाओं के लिए स्तनपान कराने के व्यावहारिक उपायों से अवगत कराया। यह प्रस्तुति आराध्या, तृप्ति, महिमा, ऐश्वर्या और पलक द्वारा दी गई, जिसे उपस्थित महिलाओं ने अत्यंत सराहा।

# 'एक पेड़ माँ के नाम' पर पर्यावरण चेतना के लिए हुई काव्य गोष्ठी

एनएनआई

**आगरा।** नगर निगम आगरा एवं श्रीप्रकाश शुक्ल मेमोरियल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 'एक पेड़ माँ के नाम; अभियान का समापन कार्यक्रम अत्यंत गरिमामयी एवं प्रेरणादायक वातावरण में सम्पन्न हुआ।




समापन अवसर पर 'एक पेड़ माँ के नाम; के भावनात्मक आह्वान के अंतर्गत 1000 से अधिक फलदार एवं औषधीय पौधों का निःशुल्क वितरण किया गया। वितरित पौधों में प्रमुख रूप से शामिल रहे – पीपल, पाकड़, सहजन, जामुन, शहतूत, अनार, अर्जुन, ढांक, देसी कदंब, आँवला, अमरूद, बेल, नीम, मधुमालती, करौंदा, कनेर आदि। कार्यक्रम की विशेष आकर्षण पर्यावरण चेतना पर आधारित ओजस्वी काव्य संगोष्ठी रही,जिसका संचालन श्रुति सिन्हा ने अत्यंत प्रभावशाली ढंग से किया।

कविता पाठ सम्मानित कविगण रामेन्द्र शर्मा, डॉ. केशव शर्मा, प्रो. अमिता त्रिपाठी, डॉ. असीम आनंद, चंद्रशेखर शर्मा, एड संजय कुमार, पंकज भूषण, सुभगा पांडेय ने किया।

इन कवियों ने प्रकृति, पर्यावरण एवं जीवन के गहरे संदेशों को सुंदर शब्दों में पिरोकर प्रस्तुत किया, जिससे सभी उपस्थितजन अत्यंत आनंदित एवं भावविभोर हो उठे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता राकेश शुक्ला (अध्यक्ष, श्रीप्रकाश शुक्ल मेमोरियल ट्रस्ट) एवं एल. गुप्ता (मुख्य अभियंता, नगर निगम आगरा) ने की। कार्यक्रम में नवीन कुमार शर्मा (सुपरिटेंडेंट इंजीनियर, यूपीपीटीसीएल), वेद प्रकाश त्रिपाठी (प्रो-वाइस चांसलर), केके पांडेय (प्रोजेक्ट मैनेजर, एस वी एम, नगर निगम), विजय गोयल (सम्पादक, बृज संवाद), गोविंद शर्मा, दिलीप शर्मा (अधिशासी अभियंता), आरती शर्मा, अनिल सन्यास, डॉली अग्रवाल, नरेन्द्र शर्मा, अतिवीर सिंह, अमित लवानिया, चतुर्भुज तिवारी, राजेन्द्र कुमार जैन, देवेंद्र थापक, महेश चंद्र शाक्य, दुर्गेश पाण्डेय, पोरवाल, उमाशंकर आचार्य, सुचेता, हमबीर सिंह, अभिषेक, सनी सिंह कुशवाहा, शंभू राज सिंह,जगमोहन गुप्ता, मनोज लवानिया, दिनेश कुमार वर्मा, सचिन कुमार, मंजू वार्ष्णेय, सुरेश शर्मा आदि रहे।

साथ ही सहकार भारती आगरा मंडल, महामना मालवीय मिशन आगरा संभाग के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्यगण, राष्ट्र सेविका समिति की पदाधिकारीगण,स्वयं सहायता समूह की अनेक सदस्याएँ,तथा बड़ी संख्या में पर्यावरण प्रेमी नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम संयोजक राकेश शुक्ला ने सभी अतिथियों एवं सहभागियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि माँ के नाम एक पेड़ लगाने का संकल्प केवल प्रकृति को समर्पण नहीं, बल्कि भावनात्मक जुड़ाव की एक प्रेरक मिसाल भी है।

यह आयोजन न केवल पर्यावरणीय चेतना, भारतीय जीवनशैली के मूल्यों एवं साहित्यिक सौंदर्य का संगम रहा,बल्कि समाज में जनभागीदारी आधारित सकारात्मक बदलाव का एक सशक्त उदाहरण बनकर उभरा।

NNI हर खबर पर पक्की नज़र
न्यूज नेक्स्ट इंडिया




## बटेश्वर के घाट पर उफनाई यमुना में छलांग लगा रहे बच्चे

**बाह** एनएनआई। बटेश्वर घाट पर नदी की लहरें विकराल हो गई हैं। रविवार रात यमुना में बहे शमसाबाद के गढ़ी गजेन्द्रा गांव के आईटीआई छात्र दुष्यंत कुमार की मौत हो चुकी है। बावजूद इसके ब्रहस्पतिवार को बटेश्वर के घाट पर लापरवाही देखने को मिली। गौरीशंकर मंदिर पर बनी दीवार से बच्चे उफनाई युमना नदी में छलांग लगाते रहे। घाट पर उन्हें रोकने और टोकने वाला कोई नहीं था।

# महिलाओं को तीन दिन फ्री रोडवेज सफर की सौगात

- आज से तीन दिनों तक बसों में मुफ्त यात्रा करेंगी महिलाएं, सरकार की सौगात से एक सहायक का टिकट भी माफ

एनएनआई



**आगरा।** रक्षा बंधन के उपलक्ष्य में परिवहन निगम की बसों में महिलाएं एक सहयात्री के साथ शुक्रवार की सुबह छह बजे से रविवार 10 अगस्त की रात 12 बजे तक एसी और नॉन एसी सभी तरह की बसों में निःशुल्क यात्रा कर सकेंगी। इसको लेकर परिवहन निगम 986 बसों का संचालन करेगा और 50 बसों को रिजर्व रखेगा। बसों के बेहतर संचालन को लेकर चालकों और परिचालकों की छुट्टियां भी 12 अगस्त तक की निरस्त कर दी गई हैं।

परिवहन निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक ने सभी बस स्टेशनों पर एक हेल्प डेस्क की स्थापना की गई है। कंट्रोल रूम बनाया गया है। सभी स्टेशनों पर शिफ्टवार अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। दो प्रवर्तन वाहन भी तैनात किए गए हैं।

**वर्दी में रहेंगे कर्मचारी, करेंगे सहायता**

क्षेत्रीय प्रबंधक ने कहा कि सभी सहायक क्षेत्रीय प्रबंधकों, केंद्र प्रभारियों और ड्यूटीरूम प्रभारियों को निर्देश दिए गए हैं कि बसों में चालक और परिचालक और वर्दी में रहेंगे। कोई नशा नहीं करेगा। यात्रियों से मृदुल व्यवहार करेंगे। बुजुर्ग यात्रियों को बस में चढ़ने और उतरने में उनकी सहायता करेंगे।

**ट्रेनें फुल, बसों का ही सहारा**

रक्षाबंधन के चलते दिल्ली, मुंबई से आने वाली ट्रेनों तीन दिन पहले से ही टिकट मिलने बंद हो गए हैं। वहीं लखनऊ से पूर्वांचल और बिहार जाने वाली ट्रेनें भी फुल हैं। वेटिंग कम होने से यात्रियों को अब जनरल कोच में घुसने की जद्दोजहद करनी होगी। वहीं रेलवे प्रशासन ने निर्देश दिया है कि स्टेशनों पर सुरक्षा के पर्याप्त उपाय हों।

## बाइक बचाने के चक्कर में तीव्र रफ्तार जीप खाई में गिरी


**पिनाहट** एनएनआई। पिनाहट ब्लॉक क्षेत्र के अरनौटा गांव स्थित पेट्रोल पंप के समीप एक दर्दनाक हादसा उस समय हुआ, जब तेज गति से आ रही एक मैक्स जीप सामने से आ रही बाइक को बचाने के प्रयास में असंतुलित होकर लगभग 10 फीट गहरी खाई में जा गिरी। जीप में सवार तीन मासूम बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए।

बाह की ओर से आ रही अनियंत्रित जीप तीव्र मोड़ पर पहुंची ही थी कि सामने से एक तेज रफ्तार बाइक आ गई। अचानक ब्रेक लगाने से जीप का संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क किनारे झाड़ियों से भरी खाई में पलट गई। हादसे की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर दौड़ पड़े और घायलों को जीप से बाहर निकालकर तत्काल पास के स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# एक ही युवक से शादी की जिद पर अड़ी दो युवतियां

एनएनआई

**बाह।** बाह थाने में पहुंची दो युवतियां एक ही युवक से शादी करने की जिद पर अड़ गई हैं। पुलिस दोनों युवतियों से पूछताछ कर रही है। बुधवार की पूर्वान्ह 11 बजे बाह के एक गांव की युवती घर से लापता हो गई थी। खोज खबर न मिलने पर ब्रहस्पतिवार को युवती के लापता होने की गुमशुदगी दर्ज कराने के लिए थाने पहुंचा। उसने पुलिस को बताया कि थाने में युवती और गांव का ही रहने वाला उसका प्रेमी बैठा मिला। समझाने के बाद भी युवती नहीं मानी, युवक के साथ ही शादी करने की जिद पर अड़ी थी। निराश पिता घर वापस लौट गया। खुद को बालिग बताते हुए युवक युवती ने पुलिस को बताया कि वह एक दूसरे के साथ जिंदगी की नई



शुरूआत करेंगे। दोनों शादी करने के लिए बटेश्वर मंदिर को निकले ही थे कि क्षेत्र की दूसरी युवती थाने में पहुंच गई। वह भी युवक से ही शादी करने की जिद पर अड़ गई। एक युवक से दो युवतियों के शादी करने की जिद पर पुलिस दोनों से पूछताछ कर रही है।

## एसडीएम से मिले शिक्षक, कर्मचारी

**बाह** एनएनआई। लोकसभा, विधानसभा की मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण में काम करने वाले बीएलओ की ड्यूटी ग्राम पंचायत की मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण कार्य में भी लगाए जाने का विरोध शुरू हो गया है। ब्रहस्पतिवार को दोहरी ड्यूटी की जद में आए शिक्षक व दूसरे विभाग के कर्मचारी तहसील मुख्यालय बाह पर पहुंचे। एसडीएम हेमंत कुमार को प्रार्थना पत्र देकर दोहरी ड्यूटी से मुक्त



किए जाने की मांग की। एसडीएम ने उच्च अधिकारियों से बातचीत कर समस्या के समाधान का आश्वासन दिया। इस दौरान प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्रजेश शुक्ला, सत्यप्रकाश मौर्य, सतीश चन्द्र, मुकेश बाबू, प्रदीप कुमार, अजयपाल, गोपाल कृष्ण, अमित कुमार, कपिल देव, विपिन, हरेश आकाश, दूसरे प्रार्थना पत्र में जितेन्द्र कुमार, सुनील प्रजापति, अभिनव कुमार अवस्थी, आकाश गुप्ता, अरुण कुमार, प्रमोद कुमार आदि रहे।

## वरिष्ठ पत्रकार स्व अरविन्द गुप्ता की पुण्य तिथि मनाई



**एटा** एनएनआई। भारतीय ग्रामीण पत्रकार संघ द्वारा सिविल लाइन स्थित कैफे के सभागार में पत्रकार स्व अरविन्द गुप्ता की पुण्य तिथि मनाई गई।कार्यक्रम में जनपद के वरिष्ठ पत्रकारों के साथ ब्लॉक स्तर के समस्त पत्रकारों ने इस कार्यक्रम में सहभागिता की।कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार राजू उपाध्याय के द्वारा अरविन्द गुप्ता को याद करते हुए बताया कि स्व अरविन्द गुप्ता जनपद के सभी पत्रकारों के साथ कैसे संघर्ष करते रहते थे। सोनी प्रतिहार द्वारा कहा गया कि अरविन्द गुप्ता द्वारा कभी भी छोटे बड़े पत्रकार का दायरा अपने जीवन में नहीं अपनाया। वरिष्ठ पत्रकार अमोल श्रीवास्तव ने बताया कि जिले में जब भी कभी पत्रकारों के धरने या उत्पीड़न को लेकर प्रशासन या शासन में बात करनी होती थी तो अरविन्द गुप्ता जी का सहयोग सदैव सबसे आगे रहता था, स्व अरविन्द गुप्ता को याद करते हुए प्रोग्रेसिव जर्नालिस्ट एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष पवन चतुर्वेदी द्वारा बताया गया कि स्व.अरविन्द गुप्ता का कहना होता था कि जिले में संघठन कितने भी हों लेकिन जब पत्रकारों के हितो की बात होंगी तो हम सब एक है। वरिष्ठ पत्रकार दिनेश शर्मा ने एक बड़े प्रकरण को बताया कि अरविन्द गुप्ता द्वारा कैसे गरीब पीड़ितों की मदद करते थे, इस पुरे कार्यक्रम का संचालन पी.एस.राजपूत व सहयोग अमित कुमार आर्य व अमित गुप्ता द्वारा किया गया।

# रूढ़िवादिता त्याग बच्चों को उच्च शिक्षित बनाने पर जोर

- पाल-बघेल, गड़रिया-धनगर समाज का परिचय सम्मेलन हुआ आयोजित
- अहिल्याबाई के न्याय, दयालुता व धार्मिक सहिष्णुता की हुई सराहना

एनएनआई




**एत्मादपुर।** लोकमाता देवी अहिल्याबाई जयंती समिति नई बस्ती बरहन रोड द्वारा रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में गुरुवार की शाम खंदौली रोड पर आयोजित पाल-बघेल, गड़रिया-धनगर परिचय सम्मेलन में जुटे विद्वान वक्ताओं ने सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक विकास के लिए रूढ़िवादी सामाजिक परंपराओं और कुरीतियों को त्यागने के साथ बच्चे-बच्चियों को उच्च शिक्षित बनाने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में आगंतुकजनों का परिचय के साथ स्वागत-सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद के पूर्व अध्यक्ष राकेश बघेल थे। नगर पालिका परिषद की प्रथम पूर्व अध्यक्ष श्रीमती बीना धनगर, भाजपा के नगर मंडल की अध्यक्ष पूर्व सभासद श्रीमती स्वदेश बघेल ने लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर के शासनकाल की खूबियों का बखान करते हुए उनकी न्यायप्रियता, दयालुता और धार्मिक सहिष्णुता की सराहना की। विद्वान वक्ताओं ने सामाजिक उत्थान की दिशा में नशेबाजी को सभी के लिए अभिशाप बताते हुए कहा कि अगर शराब पर व्यय किए जाने वाला धन आपने अपने बच्चों की शिक्षा पर खर्च करने का संकल्प ले लिया तो उनका भविष्य उज्जवल हो जाएगा। कार्यक्रम में अहिल्याबाई होल्कर जयंती समिति के अध्यक्ष पंकज बघेल, पूर्व संयोजक डीपी सिंह बघेल फौजी, निरंजन लाल फौजी, सभासद श्रीमती शारदा देवी बघेल, पूर्व सभासद चंद्र प्रताप सिंह बघेल, पूर्व सभासद बनबारी लाल बघेल, अधिवक्ता सचिन बघेल, राम भरोसी लाल बघेल धरैरा, प्रणेंद्र सिंह बघेल, सुरेंद्र सिंह बघेल, गौरव बघेल सन्नी, थान सिंह बघेल, धर्मेंद्र कुमार, भूपेंद्र सिंह बघेल, उमेश बघेल, हरी सिंह बघेल हलवाई, प्रदीप कुमार बघेल बाबू मिस्त्री, कालीचरन चक्की वाले आदि मौजूद थे।

## संपादकीय

# बिहार में भाजपा की कमान किसके हाथ !

भाजपा के चाणक्य गृहमंत्री अमित शाह चार महीने पहले मार्च के अंत में बिहार गए थे। वे दो दिन बिहार में रहे थे और 30 मार्च को गोपालगंज में सभा को संबोधित किया था। उसके बाद प्रधानमंत्री के दो कार्यक्रम हो चुके हैं। लेकिन अमित शाह का कोई कार्यक्रम नहीं हुआ। अमित शाह जून में बिहार जाने वाले थे और सीमांचल के अररिया में उनकी सभा होने वाली थी लेकिन ऐन मौके पर उनका दौरा टल गया। ध्यान रहे बिहार में विधानसभा का चुनाव होने वाला है और उससे पहले अमित शाह बिहार चुनाव को लेकर बिल्कुल सक्रिय नहीं दिख रहे हैं। दिल्ली में भी वे बिहार चुनाव की तैयारी करते नहीं दिख रहे हैं। अमित शाह ने पश्चिम बंगाल के सांसदों के साथ दिल्ली में बैठक की है। उन्होंने बंगाल में शुरू होने वाले मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के मामले में उनके साथ बातचीत की और चुनाव तैयारियों की चर्चा की। सोचें, बिहार में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण हो गया, बल्कि बिहार से ही इसकी शुरूआत हुई। लेकिन इस बारे में बिहार के नेताओं से उनकी कोई बातचीत नहीं हुई। वे पश्चिम बंगाल की तैयारियों में हिस्सा ले रहे हैं लेकिन बिहार को लेकर बहुत सक्रिय नहीं हैं। इसे लेकर कई किस्म के कयास लगाए जा रहे हैं। अब अमित शाह बिहार के दौरे पर जाने वाले हैं। वे बिहार के सीतामढ़ी जाएंगे, जहां पुनौरा धाम में माता सीता के जन्मस्थली पर एक विशाल मंदिर की आधारशिला रखी जानी है। बिहार सरकार ने इस मंदिर निर्माण के लिए करीब नौ सौ करोड़ रुपए का प्रावधान किया है। अयोध्या के राम मंदिर की तर्ज पर सीतामढ़ी में सीता मंदिर का निर्माण होना है। अमित शाह इसकी आधारशिला रखे जाने के कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। इस कार्यक्रम को भव्य और सफल बनाने के लिए भाजपा के वरिष्ठ नेता राज्य भर में घूम रहे हैं और अक्षत बांट कर कार्यकर्ताओं व आम हिंदुओं को पुनौरा धाम पहुंचने का न्योता बांट रहे हैं।सवाल है कि क्या अमित शाह बिहार चुनाव की कमान संभालेंगे या फिर सीतामढ़ी में एक धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने के बाद बिहार का रास्ता भूल जाएंगे? कहा जा रहा है कि बिहार विधानसभा का चुनाव इस बार पूरी तरह से नरेंद्र मोदी की कमान में होना है। सिर्फ भाजपा ही नहीं, बल्कि पूरे एनडीए की ओर से मोदी का चेहरा दिखाया जाएगा और नाम व काम पर वोट मांगा जाएगा। नीतीश कुमार की सरकार का कामकाज भी होगा लेकिन उनकी सेहत को देखते हुए उनका चेहरा ज्यादा दिखाने से नुकसान का अंदाजा लगाया जा रहा है। हालांकि अगर प्रधानमंत्री मोदी के चेहरे पर ही चुनाव लड़ना है तब भी तो उसमें अमित शाह की अहम भूमिका होगी! हर जगह भाजपा मोदी के चेहरे पर ही लड़ती है और हर जगह अमित शाह चुनाव लड़ाते हैं। तभी बिहार से उनकी दूरी से सवाल उठ रहे हैं। ध्यान रहे सबसे पहले शाह ने ही कहा था कि मुख्यमंत्री का फैसला चुनाव के बाद होगा। इसके बाद से ही नीतीश कुमार की दावेदारी पर सवाल उठ रहे हैं। सवाल भाजपा पर भी उठ रहे हैं क्योंकि विधानसभा के चुनाव में अब तीन महीने का समय रह गया है। सितंबर के अंत में या अक्टूबर के पहले हफ्ते में चुनाव की घोषणा होगी। इस लिहाज से चुनाव की घोषणा में दो महीने से कम समय है और अभी तक भाजपा ने बिहार के चुनाव प्रभारी की घोषणा नहीं की है। आमतौर पर चुनाव प्रभारी की घोषणा बहुत पहले हो जाती है। झारखंड विधानसभा चुनाव से कई महीने पहले शिवराज सिंह चौहान और हिमंत बिस्वा सरमा को वहां का चुनाव प्रभारी घोषित किया गया था। ऐसे ही धर्मेंद्र प्रधान हरियाणा के और भूपेंद्र यादव महाराष्ट्र के चुनाव प्रभारी बनाए गए थे। उनके साथ एक एक मंत्री और लगाए गए थे। इस तरह पिछले कुछ दिनों से भाजपा दो दो मंत्रियों को एक राज्य में चुनाव प्रभारी लगा रही है। झारखंड में तो एक केंद्रीय मंत्री के साथ एक मुख्यमंत्री को लगाया गया था।परंतु बिहार में चुनाव की घोषणा में दो महीने से कम समय बचा है और अभी तक चुनाव प्रभारी की घोषणा नहीं की गई है। इस बीच बिहार में अटकलें लगाई जाने लगी हैं कि कौन चुनाव प्रभारी बनेगा।बिहार भाजपा के प्रभारी विनोद तावड़े हैं और संगठन प्रभारी भीखूभाई दलसानिया हैं। इनके अलावा बिहार और झारखंड के संघ के संयोजक नागेंद्र हैं और बिहार के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल हैं। ये सभी लोग चुनाव की तैयारियों में लगे हैं। दोनों उप मुख्यमंत्री भी चुनाव तैयारी में लगे हैं। लेकिन सीट बंटवारे से लेकर टिकट बंटवारे तक असली काम तो चुनाव प्रभारी को करना होता है।



# आगरा के शांतनु का चंडीगढ़ क्रिकेट अकादमी में चयन

एनएनआई

**आगरा।** आगरा के 11 वर्षीय बालक शांतनु सिंह का विख्यात अकैडमी चंडीगढ़ जूनियर क्रिकेट अकादमी में चयन हुआ शांतनु एक चाइनामैन बोलर और ऑल राउंडर क्रिकेटर है ,उनके कोच फिरोज (कॉसमॉस क्रिकेट अकादमी) , व एथलीट कोच कल्पना चौधरी ने बताया कि शांतनु एक प्रतिभावान क्रिकेटर है उनके अंदर गजब की क्षमता व स्टैमिना है। एफ टू एफ जिम के दिव्यांशु ने बताया कि शांतनु ने शुरू से ही अपने फिटनेस का ध्यान रखा है।शांतनु सिंह हेड कांस्टेबल आशुतोष सिंह के पुत्र है मूल रूप से वाराणसी के रहने वाले आशुतोष सिंह वर्तमान समय में एसओजी टीम नगर जोन आगरा में कार्यरत है उनके इस चयन पर कोच फिरोज,एथलीट कोच कल्पना चौधरी,दिव्यांशु, लखपति सिंह, सौरभ सिकरवार आदि ने खुशी जाहिर की।



शांतनु एक गजब का प्रतिभावान खिलाड़ी है मैं उसके चयन पर उसके भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित करता हूं वा उसके उज्वल भविष्य की कामना करता हूं

**फिरोज कोच कॉसमॉस क्रिकेट एकेडमी सिकंदरपुर आगरा**

शांतनु एक ऊजार्वान व प्रतिभावान खिलाड़ी है चंडीगढ़ क्रिकेट अकादमी में उसके चयन पर पूरे आगरा वासियों की तरफ से मैं उसके उज्जवल भविष्य की कामना करती हूं।

**कल्पना चौधरी, एथलीट कोच**

# वृंदावन की विधवाएं पीएम मोदी को भेंट करेंगी 1001 हस्तनिर्मित राखियां

एनएनआई



**वृंदावन।** भक्ति, गरिमा और सामाजिक परिवर्तन की एक मार्मिक परंपरा को आगे बढ़ाते हुए, वृंदावन की बुजुर्ग विधवाओं का एक समूह इस रक्षाबंधन पर नई दिल्ली जाएगा – जहां वे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी से मिलकर उन्हें 1001 विशेष रूप से हस्तनिर्मित राखियाँ और मिठाइयाँ भेंट करेंगी।

ये अनोखी राखियाँ वृंदावन के माँ शारदा और अन्य आश्रमों में रहने वाली विधवाओं द्वारा प्रेमपूर्वक तैयार की गई हैं। ये आश्रम सुलभ इंटरनेशनल द्वारा संचालित विधवा कल्याण कार्यक्रम का हिस्सा हैं। प्रत्येक राखी को भगवान राम, भगवान कृष्ण और प्रधानमंत्री की छवियों से सजाया गया है – जो आध्यात्मिक जुड़ाव और व्यक्तिगत स्नेह का प्रतीक है। इन आश्रमों की महिलाएँ पिछले कई वर्षों से प्रधानमंत्री को राखी बाँध रही हैं। इस पहल के बारे में सुलभ इंटरनेशनल के अध्यक्ष श्री कुमार दिलीप ने कहा, हमारी चार माताएँ दिल्ली जाएँगी और प्रधानमंत्री को स्वयं राखियाँ और मिठाइयाँ भेंट करेंगी। यह सुलभ द्वारा पोषित उस भावनात्मक यात्रा का एक और पड़ाव है, जिसमें हमारी विधवा माताएँ गरिमा और आनंद के साथ रक्षाबंधन मनाती हैं।

पिछले पखवाड़े माँ शारदा आश्रम में एक राखी निर्माण कार्यशाला आयोजित की गई, जहाँ लगभग एक दर्जन विधवाओं ने उत्साहपूर्वक राखियाँ बनाई और सजाईं। आज, सैकड़ों विधवाएँ वृंदावन के ऐतिहासिक गोपीनाथ मंदिर में एकत्र हुईं, जहाँ उन्होंने आशीर्वाद दिया और अंतिम तैयारियाँ पूरी कीं। इस अवसर पर कुमार दिलीप और श्रीमती नित्या पाठक भी उपस्थित रहे, जो विधवाओं के सामाजिक और भावनात्मक सशक्तिकरण के प्रति सुलभ की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

इस पहल की शुरूआत सुलभ आंदोलन के दूरदर्शी संस्थापक, स्वर्गीय डॉ. बिंदेश्वर पाठक ने की थी, जिनका उद्देश्य विधवाओं को होली, दिवाली और रक्षाबंधन जैसे प्रमुख हिंदू त्योहारों में सम्मिलित कर सामाजिक बहिष्कार समाप्त करना था। इस दल में लगभग 70 वर्षीय चाबी शर्मा समेत तीन अन्य महिलाएँ बहुत उत्साहित हैं कि वे प्रधानमंत्री के निवास पर जाएँगी। वहीं 81 वर्षीय मनु घोष, जो पूर्व में प्रधानमंत्री को राखी बाँध चुकी हैं, ने कहा, भले ही इस बार मैं यात्रा न कर सकूँ, लेकिन मोदी जी के लिए राखियाँ बनाकर मुझे बेहद खुशी और उत्साह मिल रहा है। ये सारी राखियाँ हमारे श्री मोदी भैया के लिए प्रेम से भरी हैं, उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा। सुलभ इंटरनेशनल के विधवा कल्याण कार्यक्रम ने वृंदावन की सैकड़ों विधवाओं को आशा, सम्मान और परिवार का एहसास दिलाया है। स्वास्थ्य सेवा और पोषण से लेकर सांस्कृतिक समावेशन तक, यह संस्था लगातार मानवीय आधार पर उन लोगों को गरिमा लौटाने का कार्य कर रही है, जिन्हें समाज ने एक समय भुला दिया था।

# राधा रानी चलाएं संसार कन्हैया जाके संग में चले..

- श्री लाड़ली जू मंदिर पर भजन संध्या में झूमे श्रद्धालु
- श्रीजी सेवा संस्थान बरसाना ट्रस्ट ने कराई भजन संध्या

एनएनआई



**बरसाना, मथुरा।** श्रीजी सेवा संस्थान बरसाना ट्रस्ट की ओर से दिव्य श्रीजी प्रेमामृत रस महोत्सव के अंतर्गत श्री लाड़ली जू के निज महल में भजन रस का आयोजन किया गया। राधारानी मंदिर प्रांगण में अंतर्राष्ट्रीय भजन भूषण पंडित मनीष शर्मा ने सुबह 10 बजे अपने पहले भजन यही है आज बनू मैं दास मेरी श्री राधा प्यारी.. से शुरूआत की।

पंडित मनीष शर्मा ने माधव के द्वारा गाया राधे राधे भजन करके अब जीवन बिताना है..., राधा रानी चलाएं संसार कन्हैया जाके सन्ग में चले.., हे किशोरी दुख हरण रख लो मुझको तुम शरण हो मेरा कल्याण.. जैसे एक से बढ़कर एक भजनो की मधुर सुरों से श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। ट्रस्ट के अध्यक्ष माधव कृष्ण गोस्वामी ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक वातावरण प्रदान करना और राधा रानी के चरणों में भक्ति समर्पित करना रहा। भक्त लाडली जी के भजनों पर झूमते और नाचते हुए, राधा रानी के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त करते रहे। श्रद्धालु राधे-राधे का जाप करते हुए भक्ति में लीन नजर आये। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भजनों का आनंद लिया। मंदिर को फूल बंगले की सेवा ललित अग्रवाल व राजेश गुप्ता की रही। इस अवसर पर बृजेश तिवारी, अनुराग उपाध्याय, प्रवीण कोहली, आशीष जैन, संदीप परमार, प्रभात वर्मा, डॉ सुरेंद्र पाठक, सुनील शर्मा, हेमंत भोजवानी, योगेश उपाध्याय, दीपक गोयल, दीप बघेल, रवि सोनी, मनोरमा आदि मौजूद रहे।

# मैं एक बेहतरीन एक्टर हूं ऐसे-वैसे रोल नहीं करूंगा

**आशीष विद्यार्थी ने पर्दे पर लौटने के लिए रखी भारी-भरकम शर्त**



आशीष विद्यार्थी बॉलीवुड के सबसे खूंखार खलनायकों में से एक हैं। उन्होंने फिल्मों में अपने शानदार अभिनय से दर्शकों के बीच अपनी पहचान बनाई। इन दिनों पर्दे से दूर आशीष विद्यार्थी एक व्लॉगर, मोटिवेशनल स्पीकर और ट्रैवलर के तौर पर काम कर रहे हैं। काफी समय से एक्टर के फैंस ये जानना चाहते थे कि आखिर क्या वजह है कि आशीष विद्यार्थी अब फिल्मों में नजर नहीं आ रहे हैं। एक्टर ने अपने लेटेस्ट ब्लॉग में इसका जबाव दे दिया है कि वो लंबे समय से पर्दे से दूर क्यों हैं। एक्टर ने अपने यूट्यूब चैनल के लेटेस्ट ब्लॉग में बताया कि अब वो फिल्मों में लीड रोल यानी कि सेंट्रल रोल करना चाहते हैं। अपने नए व्लॉग में कैमरे का सामना करते हुए, आशीष ने कहा आज, चलो खुलकर बात करते हैं। कुछ बातें स्पष्ट करते हैं। आप सभी (दर्शक) बिल्कुल सही हैं। इन दिनों मैं उतनी फिल्मों में नहीं दिखता जितनी पहले करता था। मुझे नहीं पता कि देश जानना चाहता है या नहीं, लेकिन आप में से कुछ जरूर जानना चाहते हैं। मैं खुद यह स्वीकार कर रहा हूं: मैं एक बेहतरीन अभिनेता हूं। जिसने अपने करियर में अद्भुत भूमिकाएं निभाई हैं। लेकिन अब मैं उन भूमिकाओं की तलाश कर रहा हूं जो मुझे अभी तक नहीं मिली हैं।

### आशीष फिल्मों में लीड रोल चाहते हैं

उन्होंने आगे कहा, मैं डायरेक्टर्स, निर्माताओं और कास्टिंग डायरेक्टर्स से बात करता हूं, और मैं उनसे कहता हूं, अब तक नहीं मिला है इसका मतलब यह नहीं कि अब आप मुझे यह भूमिका नहीं दे सकते। मैं आभारी हूं कि अपने 30 साल के करियर में, मैंने 11 अलग-अलग भाषाओं में 300 फिल्में की हैं। लेकिन अब मैंने तय किया है कि मैं कुछ अच्छी केंद्रीय भूमिकाएं करना चाहता हूं। कभी-कभी हम खुद को दुनिया से अलग कर लेते हैं। हम अपने घरों में अकेले बैठते हैं, लेकिन मैं उदास होकर नहीं बैठूंगा। मैं अपने जीवन में कड़वाहट नहीं रखूंगा।

### द ट्रेटर्स में दिखे थे एक्टर

बता दें, आशीष विद्यार्थी ने पिछले कुछ दशकों में कई फिल्मों में अभिनय किया है और एक राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार भी जीता है। वह द्रोहकाल, 1942: ए लव स्टोरी, ओह डार्लिंग ये है इंडिया, बाजी, मृत्युदाता, जिद्दी, मेजर साब, सोल्जर, हसीना मान जाएगी, अर्जुन पंडित, और वास्तव जैसी फिल्मों का हिस्सा रहे हैं। हाल ही में, आशीष को करण जौहर द्वारा होस्ट किए गए रियलिटी शो द ट्रेटर्स के पहले सीजन में देखा गया था।

# अनुष्का शेट्टी की नई फिल्म 'घाटी'



बाहुबली एक्ट्रेस अनुष्का शेट्टी फिल्म घाटी के साथ धमाकेदार बड़े पर्दे पर वापसी करने के लिए तैयार हैं। क्रिश जगरलामुदी की निर्देशित इस एक्शन ड्रामा की रिलीज डेट दो बार पोस्टपोन हो चुकी है। मेकर्स ने अब घाटी की नयी रिलीज डेट के साथ इसका ट्रेलर जारी कर दिया है, जिसका धमाकेदार वीडियो दर्शकों को अनुष्का शेट्टी अभिनीत इस फिल्म के लिए उत्साहित कर रहा है। अनुष्का शेट्टी की फिल्म घाटी के मेकर्स ने फिल्म का ट्रेलर रिलीज किया है। एक्शन और दिलचस्प रहस्य से भरपूर इस ट्रेलर में अनुष्का शेट्टी एक क्रूर और साहसी महिला के रूप में दिखाई दे रही हैं, जो अपने अधिकारों की रक्षा के लिए किसी भी हद तक जा सकती है। मेकर्स बुधवार को घाटी की नई रिलीज के साथ ट्रेलर अपने सोशल मीडिया हैंडल पर पोस्ट किया और कैप्शन में लिखा, घाटों की एक आवाज है। वो दहाड़ती है। वो बगावत करती है। वो गूंजती है। घाटी – खून, पसीने और पत्थर से गढ़ी एक कहानी। घाटी का ट्रेलर अभी रिलीज। घाटी की ग्रैंड रिलीज 5 सितंबर, 2025 को दुनिया भर में होगी। जैसा कि घाटी के ट्रेलर से पता चलता है, घाटी घाट के दुर्गम पहाड़ों में बसी अस्तित्व, विद्रोह और आजादी की कहानी है। यह फिल्म एक पहाड़ी इलाके में रहने वाले गांजा व्यापारियों की कहानी कहती है। यह घाटी शुरुआत में गुजारा चलाने के लिए इस गैर-कानूनी पेशे को अपनाते हैं, लेकिन बाद में उन्हें एहसास होता है कि वे लोगों की जिंदगी को नुकसान पहुंचा रहे हैं। अनुष्का अपने गिरोह के साथ मिलकर उन बड़े लोगों का सामना करने का फैसला करती है, जो उनका शोषण करने की कोशिश कर रहे हैं। अनुष्का शेट्टी के फैंस को इस पावर-पैक ट्रेलर के साथ एक ट्रीट मिलने वाली है, जो शानदार एक्शन सीक्वेंस, रोमांस और ड्रामा से भरपूर है। ट्रेलर यह बताता है कि उनकी भूमिका में कई शेड्स होंगे। फिल्म घाटी पहले 18 अप्रैल 2025 को रिलीज किया जाना था, लेकिन इसे पोस्टपोन करके मेकर्स ने 11 जुलाई 2025 को इसे रिलीज करने का फैसला किया।

# ओडिशा सरकार ने माधुरी को नियुक्त किया हथकरघा उद्योग का ब्रांड एंबेसडर



ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने घोषणा की कि अभिनेत्री माधुरी दीक्षित को 11वें राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के अवसर पर राज्य हथकरघा उद्योग का ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया गया है । मुख्यमंत्री माझी ने 11वें राष्ट्रीय हथकरघा दिवस की भी शुभकामनाएं दीं। ओडिशा के मुख्यमंत्री ने मीडियाकर्मियों से कहा, "11वें राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के अवसर पर हम हार्दिक बधाई देते हैं। आज अभिनेत्री माधुरी दीक्षित को राज्य हथकरघा उद्योग का ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया गया है । ओडिशा के 1,30,000 से अधिक बुनकरों को बढ़ावा देने का प्रयास किया जाएगा । एकता एक्सपो 7 दिनों तक चलेगा। आज बुनकरों को सम्मानित भी किया गया। एक दिन पहले, केंद्रीय इस्पात एवं भारी उद्योग मंत्री एच.डी. कुमारस्वामी ने ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी से मुलाकात की, जिन्होंने बुधवार को नई दिल्ली में उनसे मुलाकात की। बैठक में भारत के इस्पात क्षेत्र में ओडिशा के नेतृत्व को मजबूत करने के लिए प्रमुख परियोजनाओं और रणनीतिक सहयोग को आगे बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया गया। कुमारस्वामी ने भारत की इस्पात उत्पादन क्षमता में ओडिशा की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकास को गति देने के लिए केंद्र की पूर्ण प्रतिबद्धता दोहराई। चर्चा का एक प्रमुख विषय सेल के अंतर्गत आने वाले राउरकेला इस्पात संयंत्र के विस्तार पर था। केंद्रीय मंत्री ने मुख्यमंत्री को आश्वासन दिया कि मंत्रालय बाधाओं को दूर करने और उत्पादन क्षमता बढ़ाने के लिए हर संभव सहायता प्रदान करेगा, जिससे राउरकेला को एक विश्वस्तरीय इस्पात केंद्र बनाने में मदद मिलेगी। बैठक में राज्य भर में नई लौह अयस्क खदानों के विकास पर भी विचार-विमर्श हुआ ताकि कच्चे माल की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। श्री कुमारस्वामी ने इस बात पर जोर दिया कि सार्वजनिक और निजी दोनों क्षेत्रों के इस्पात संयंत्रों को ऊर्जा प्रदान करने और वैश्विक स्तर पर भारत की प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त बनाए रखने के लिए लौह अयस्क तक सुरक्षित और कुशल पहुँच आवश्यक है।

न्यूज नेक्स्ट इंडिया
हर खबर पर पक्की नज़र


# कूली के इस्तीफे के बाद बीसीसीआई को उत्कृष्टता केंद्र में नए प्रशिक्षकों की तलाश, आवेदन मांगे




**मुंबई।** मशहूर गेंदबाजी कोच ट्रॉय कूली समेत पुराने प्रशिक्षकों के जाने के बाद बीसीसीआई अपने उत्कृष्टता केंद्र (सीओई) के लिए नए कोचिंग स्टाफ की तलाश में है और गेंदबाजी, बल्लेबाजी, खेल विज्ञान और मेडिसिन विभाग में शीर्ष पदों के लिए आवेदन मंगवाए गए हैं।

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व प्रथम श्रेणी तेज गेंदबाज और इंग्लैंड के एशेज विजेता गेंदबाजी कोच कूली का बीसीसीआई के साथ तीन साल का करार खत्म हो गया था और वह कार्यकाल में विस्तार पर थे। 59 वर्ष के कूली को 2021 के आखिर में एनसीए का गेंदबाजी कोच बनाया गया था। उनकी जगह भारत के पूर्व तेज गेंदबाज वीआरवी सिंह ले सकते हैं जिन्होंने कूली के साथ काम किया है।

### ये पद भी खाली

मेडिकल टीम के प्रमुख नितिन पटेल समेत स्टाफ के कई सदस्यों के जाने के बाद कई पद रिक्त हैं। पटेल ने मार्च में पद से इस्तीफा दिया था। स्पिन गेंदबाजी कोच साइराज बहुतुले भी जा चुके हैं और अब राजस्थान रॉयल्स के सहयोगी स्टाफ में हैं। एनसीए के एक और कोच सितांशु कोटक राष्ट्रीय टीम के साथ जुड़ चुके हैं।

### वीवीएस लक्ष्मण का कार्यकाल भी हो रहा समाप्त

भारत के पूर्व क्रिकेटर वीवीएस लक्ष्मण का सीओई प्रमुख के तौर पर कार्यकाल इस साल के आखिर में खत्म हो रहा है और समझा जाता है कि वह इसका नवीनीकरण कराना नहीं चाहते। ऐसी संभावना है कि उन्हें 2027 वनडे विश्व कप तक पद पर बने रहने के लिए बोला जाए।

# एशिया कप से पहले घरेलू क्रिकेट खेलेंगे शुभमन गिल



**नई दिल्ली।** भारत के टेस्ट टीम के कप्तान शुभमन गिल दलीप ट्रॉफी 2025 में नॉर्थ जोन टीम का नेतृत्व करेंगे। इस टीम में अर्शदीप सिंह और हर्षित राणा को भी शामिल किया गया है। तीनों 28 अगस्त से ईस्ट जोन के खिलाफ शुरू होने वाले दलीप ट्रॉफी के क्वार्टर फाइनल मुकाबले में खेलते नजर आएंगे। एशिया कप का आयोजन 9-28 सितंबर के बीच होना है। अगर तीनों खिलाड़ियों को भारतीय टीम में चुना जाता है तो उन्हें नॉर्थ जोन के स्क्वॉड से रिलीज कर दिया जाएगा। गिल के नेतृत्व में हाल ही में भारतीय टेस्ट टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेली थी। 2-2 पर समाप्त हुई इस सीरीज में युवा बल्लेबाज ने शानदार प्रदर्शन किया और सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे।

अब वह घरेलू क्रिकेट में अपना दम खम दिखाने के लिए तैयार हैं। अगर गिल को एशिया कप के लिए भारतीय टीम में चुना जाता है तो शुभम रोहिल्ला उन्हें रिप्लेस करेंगे। वहीं, अर्शदीप सिंह की जगह गुरनूर बरार को मौका मिलेगा जबकि हर्षित राणा की जगह अनुज ठकराल लेंगे। दलीप ट्रॉफी के लिए नॉर्थ जोन की टीमः शुभमन गिल (कप्तान), शुभम खजूरिया, अंकित कुमार (उपकप्तान), आयुष बडोनी, यश ढुल, अंकित कलसी, निशांत सिंधु, साहिल लोत्रा, मयंक डागर, युद्धवीर सिंह चरक, अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा, अंशुल कंबोज, आकिब नबी, कन्हैया वाधवन (विकेटकीपर)।

रिजर्व खिलाड़ीः शुभम अरोड़ा (विकेटकीपर), जसकरनवीर सिंह पॉल, रवि चौहान, आबिद मुश्ताक, निशंक बिड़ला, उमर नजीर, दिवेश शर्मा।

# ध्रुव जुरेल को मिली सेंट्रल जोन टीम की कप्तानी

### कुलदीप यादव भी खेलते नजर आएंगे घरेलू क्रिकेट




**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के खिलाफ ड्रॉ रही टेस्ट सीरीज में प्रभावित करने वाले ध्रुव जुरेल को 28 अगस्त से बेंगलुरू में शुरू हो रही दलीप ट्रॉफी में सेंट्रल जोन का कप्तान बनाया गया है। इंग्लैंड के खिलाफ लॉर्डर्स पर तीसरे टेस्ट में ऋषभ पंत को अंगुली में चोट लगने के बाद जुरेल ने विकेटकीपिंग की थी। चौथे टेस्ट में पंत को फ्रेक्चर होने के बाद उन्होंने चौथे और पांचवें टेस्ट में विकेटकीपिंग की। सेंट्रल जोन की टीम में स्पिनर कुलदीप यादव भी हैं जो पांच टेस्ट में से एक भी नहीं खेल सके थे।

# राष्ट्रमंडल खेल टीम ने गुजरात के खेल राज्य मंत्री से मुलाकात की, 2030 की मेजबानी हासिल करने की कवायद

**अहमदाबाद।** भारत की राष्ट्रमंडल खेल 2030 की मेजबानी की आकांक्षा के बीच राष्ट्रमंडल खेल की एक टीम ने इसके निदेशक ( खेल ) डेरेन हाल की अगुवाई में गुजरात के खेल राज्य मंत्री हर्ष सांघवी से मुलाकात की। राष्ट्रमंडल खेल की टीम तीन दिन से अहमदाबाद में थी और विभिन्न स्टेडियमों का दौरा किया। इसके साथ ही गुजरात सरकार के अधिकारियों से भी मुलाकात की। भारत ने 2030 राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी की इच्छा जताने वाला आशय पत्र पहले ही जमा कर दिया है। तीन दिन पहले राष्ट्रमंडल खेल (पूर्व नाम राष्ट्रमंडल खेल महासंघ) की टीम अहमदाबाद पहुंची थी। भारत को अगर मेजबानी मिलती है तो खेल इसी शहर में होंगे। सांघवी ने एक्स पर लिखा, 'डेरेन हाल ( निदेशक खेल, राष्ट्रमंडल खेल), क्रिस्टियन नेपियर ( निदेशक एआई, उटाह स्टेट) और आईओए के सीनियर अधिकारी लेफ्टिनेंट जनरल हरपाल सिंह ( सेवानिवृत) से राष्ट्रमंडल यूनियन के भविष्य पर बात की।' सूत्रों ने बताया कि हाल और उनकी टीम अहमदाबाद में विभिन्न वेन्यू का दौरा करने आई थी और राज्य सरकार के अधिकारियों से भी मुलाकात की। कनाडा के पिछले महीने दौड़ से हटने के बाद भारत को मेजबानी मिलने की संभावना प्रबल हो गई है। मेजबन का फैसला नवंबर के आखिरी सप्ताह में ग्लास्गो में लिया जाएगा।

# अंडर 19 एशियाई चैंपियनशिप में पांच पदक पक्के, पांच भारतीय मुक्केबाज सेमीफाइनल में

**बैंकॉक।** भारत के पांच पुरूष मुक्केबाज भी अंडर 19 एशियाई चैम्पियनशिप में अपने-अपने भारवर्ग के मुकाबले जीतकर सेमीफाइनल में पहुंच गए जिससे उनका पदक पक्का हो गया है। शिवम (55 किलो ), मौसम सुहाग (65 किलो ), राहुल कुंडू (75 किलो), गौरव (85 किलो) और हेमंत सांगवान (90 किलो ) ने अंतिम चार में जगह बनाई। इससे पहले सात महिला मुक्केबाज भी सेमीफाइनल में पहुंच चुकी हैं। अंडर 19 और अंडर 22 एशियाई मुक्केबाजी चैम्पियनशिप साथ में हो रही है। भारत के अंडर 22 वर्ग में भी 13 पदक पक्के हो गए हैं। शिवम ने उजबेकिस्तान के अब्दुलअजीज अब्दुनाजारोव को 5-0 से हराया, जबकि मौसम ने किर्गीस्तान के मुखम्मद अलीमबेकोव को 3-2 से मात दी। राहुल ने दक्षिण कोरिया के ऊंजो जियोंग को हराया जब रैफरी ने मुकाबला रोक दिया।




# शुक्रवार, 08 अगस्त राशिफल

मेष राशि के लिए आज चंद्रमा का मकर राशि में गोचर करना शुभ लाभदायक होगा। आपको आज भाग्य कार्यक्षेत्र में सफल और कामयाब बनाएगा। आपके पिता से आपको आज लाभ और सहयोग मिलेगा। नौकरी में भी आज का दिन आपका अनुकूल बीतेगा।

वृषभ राशि से आज चंद्रमा भाग्य स्थान में गोचर करते हुए शुभ स्थिति का निर्माण कर रहे हैं। आपको आज अपने काम में सफलता मिलेगी। पूर्व में किए गए काम और निवेश से आज आपको अच्छा रिटर्न मिल सकती है। नौकरीपेशा लोगों को आज अपनी मेहनत का फल मिलेगा।

मिथुन राशि के लोगों के लिए आज का दिन मिलाजुला रहेगा। आपके ऊपर आज काम का दबाव बना रहेगा। कुछ अतिरिक्त जिम्मेदारी आन से आप मानसिक रूप से परेशान रह सकते हैं। आपके सितारे कहते हैं कि आपको आज अपनी कार्य योजनाओं मे भी बदलाव करना पड़ सकता है।

कर्क राशि के लोगों के लिए आज का दिन सामान्य रूप से अच्छा है। आपको आज पारिवारिक जीवन में जीवनसाथी के साथ सुखद और रोमांटिक समय बिताने का मौका मिलेगा। आपका कोई अटका हुआ काम भी आज पूरा हो सकता है।

सिंह राशि के लोगों के लिए आज का दिन लाभदायक होगा। आज आपको अपने रिश्तेदारों से कुछ खास उपहार मिल सकता है। आपके दांपत्य जीवन में प्रेम और तालमेल आज बना रहेगा। नौकरीपेशा लोग अपने काम में आज व्यस्त रहेंगे लेकिन इसका आपको आज शुभ परिणाम भी प्राप्त होगा।

कन्या राशि के लोगों के लिए आज का दिन सामान्य रूप से अच्छा रहने वाला है। आपके जीवन में नई ऊर्जा का संचार होगा। कार्यक्षेत्र में आज आपका काम सुचारू रूप से चलता रहेगा आपको आज किसी पूर्व परिचित अथवा मित्र के द्वारा लाभ मिल सकता है।

तुला राशि के लोगों कै लिए आज का दिन कुछ उलझन भरा हो सकता है। आपको अपनी समस्याओं से निपटने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ सकती है। आज आपको अपने रिश्तेदारों से कोई खास उपहार मिल सकता है।

वृश्चिक राशि के लोगों के लिए आज का दिन शुभ लाभदायक रहने वाला है। सितारे कहते हैं कि आपको आज परिश्रम और प्रयास से हर क्षेत्र में सफलता मिलेगी। नौकरीपेशा लोग अपने काम के प्रति समर्पित रहेंगे जिस इन्हें आज अधिकारी वर्ग से भी प्रोत्साहन प्राप्त होगा।

आज का दिन धनु राशि वालों के उलझन वाला होगा। आपको काम में सफलता पाने के लिए योजना बनाकर काम करना होगा, किसी वजह से आज आपको कुछ काम को टालना पड़ सकता है। वैसे कारोबार के लिहाज से आज का दिन आपके लिए लाभप्रद रहेगा।

मकर राशि के लोगों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। आज आपको किसी नये प्रोजेक्ट की जिम्मेदारी मिल सकता है। कामकाज में आपको आज सतर्क होकर अपने काम पर ध्यान देना होगा। सितारे कहते हैं कि आज आपको व्यापार में पैसा कमाने के कई अवसर प्राप्त होंगे।

कुंभ राशि के जातकों के लिए आज का दिन मिश्रित रहने वाला है। आपको अपने काम को पूरा करने में आज कठिनाइयों और चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। वैसे आज दोस्तों और परिवार के सहयोग का आपको फायदा मिल सकता है।

मीन राशि से आज चंद्रमा का गोचर ग्यारहवें भाव में होना इनके लिए लाभदायक होगा। आपको आज आर्थिक मामलों में किए गए प्रयास का लाभ मिलेगा। बिजनेस करने वाले जातकों को आज अच्छी कमाई होगी। नौकरी में आज आपका प्रभाव और सम्मान बढेगा।



डॉ. शिल्पा जैन
(एस्ट्रोलॉजर)
मो. 942560752

NNI न्यूज नेक्स्ट इंडिया
हर ख़बर पर पक्की नज़र


# बाबा बफार्नी की भव्य झांकी और फूल बंगले ने मोहा मन

## श्रावण समापन पर शिवाजी मार्केट में अद्भुत सजावट, उमड़ा भक्तों का सैलाब

एनएनआई



**आगरा।** श्रावण मास में शिवाजी मार्केट एसोसिएशन की ओर से श्रीराम हनुमान मंदिर, शिवाजी मार्केट बिजलीघर में फूल बंगला और बाबा बफार्नी की अद्भुत झांकी सजाई गई। मंदिर परिसर को विशेष रूप से फूलों और लाइटिंग से सजाया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्ति और आस्था से सराबोर हो गया। आयोजन के दौरान पंडित अवधेश शर्मा और बाबा के भक्तों ने महाआरती की, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। सभी को प्रसाद वितरण किया गया। श्रद्धालुओं ने सपरिवार बाबा बफार्नी और भोलेनाथ के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। पूरे सावन माह में मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना, दुग्धाभिषेक और आरती का आयोजन होता रहा, जिसका समापन इस विशेष अवसर पर हुआ। आयोजन समिति ने भक्तों की सुविधा के लिए बैठने और दर्शन की समुचित व्यवस्था की। कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष पंकज सचदेवा, संरक्षक श्याम भोजवानी, अमित भाटिया, आजाद जैन, गुरदीप लूथरा, गोरु भाई, शंकर भाई, दिलीप छाबड़ा, डॉ. लोकेश ढींगरा, प्रदीप लूथरा, आंशु भाई, अरुण पारवानी, रमेश कुकरेजा, सुखपाल सिंह, जॉनी पारवानी, राहुल चोपड़ा, हर्षिल और सौरभ बघेल सहित कई सदस्य सक्रिय रहे।

# बल्केश्वर पार्क में 22 अगस्त से बहेगी भागवत कथा की गंगा




एनएनआई

**आगरा।** विश्व कल्याण मिशन ट्रस्ट, आगरा इकाई ने बल्केश्वर पार्क में 22 से 28 अगस्त तक आठ दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन होगा। कथा के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय संत पूज्य चिन्मयानंद बापू प्रतिदिन शाम 3 से 7 बजे तक लोकप्रिय प्रसंगों का मार्मिक विवेचन कर जीवनोपयोगी संदेश देंगे। आयोजन की जानकारी बल्केश्वर महादेव मंदिर के महंत कपिल नागर, अर्चित पंड्या एवं ट्रस्ट के अध्यक्ष समाजसेवी पार्षद मुरारी लाल गोयल पेंट वालों ने टेंपटेशन रेस्टोरेंट में आमंत्रण पत्र विमोचन के दौरान दी। कथा के साथ प्रतिदिन पर्यावरण संरक्षण, मां यमुना आरती, गोपूजन, हर घर तुलसी, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ जैसे सामाजिक कार्यक्रम भी होंगे। मुख्य संरक्षक डॉ. विजय किशोर बंसल ने आगरावासियों से अपील की कि वे इस आयोजन से जुड़कर कथा श्रवण करें। कथा प्रारंभ से एक दिन पूर्व, 21 अगस्त को सुबह महालक्ष्मी मंदिर बल्केश्वर से कथा स्थल तक 2100 महिलाएं भव्य मंगल कलश यात्रा में शामिल होंगी। कार्यक्रम में महंत कपिल नागर, सुमन गोयल, सुगंधी परिवार, पार्षद पूजा बंसल सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## नामनेर में कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव का पोस्टर विमोचन

एनएनआई




**आगरा।** नामनेर बाजार कमेटी की ओर से आगामी 16-17 अगस्त को होने वाले श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव के पोस्टर का विमोचन किया गया। मेला संयोजकों ने बताया कि यह आयोजन दशकों से नामनेर चौराहे पर भव्य और दिव्य रूप से होता आ रहा है। दो दिवसीय मेले में विभिन्न झांकियां, छप्पन भोग, फूल बंगला, झूले, विद्युत सजावट और मधुर ध्वनि से युक्त साउंड सिस्टम विशेष आकर्षण रहेंगे। यह मेला आगरा का सबसे बड़ा आयोजन माना जाता है, जिसमें लाखों लोग दर्शन के लिए आते हैं। आयोजकों ने अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर दर्शन का लाभ लेने की अपील की। इस अवसर पर मुख्य रूप से मेला संयोजक बंटी बघेल, राजेश गोयल, रघुनाथ यादव, अरुण अग्रवाल, सतेन्द्र कुमार अग्रवाल, रानू बघेल, बंटा बघेल, नितिन बंसल, कुशलपाल बघेल, गप्पू पंडित, दीप बघेल, रोविन बघेल, कनिक लवानिया आदि लोग उपस्थित रहे।

## दुर्गा मंदिर नामनेर में श्रीमद्भागवत पूर्णाहुति व भंडारा आज

एनएनआई



**आगरा।** दुर्गा मंदिर, नामनेर में संकल्प सेवा संस्था एवं नामनेर बाजार कमेटी के अध्यक्ष ब्रजेश पंडित ने श्रीधाम वृंदावन से पधारे किशोरी का पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

कथा परीक्षित सतीश शर्मा व लता शर्मा का सम्मान भी किया गया। कथा संयोजक ब्रजेश अग्रवाल ने बताया कि 7 दिन से चल रही श्रीमद्भागवत कथा का आज समापन होगा। आज यानि शुक्रवार को यज्ञ के साथ भंडारे का आयोजन होगा, जिसमें श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया जाएगा। पिछले दिनों कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु अमृतपान के लिए पहुंचे।

## टीजड़ी पर्व पर निशुल्क मेहंदी नाइट 11 अगस्त को



**आगरा (एनएनआई)।** जय झूलेलाल सेवा संगठन परिवार एवं वीएसएसएस वुमेन्स विंग्स के तत्वावधान में टीजड़ी पर्व पर 11 अगस्त को डी-506, कमला नगर में निशुल्क मेहंदी नाइट व डांस प्रतियोगिता आयोजित होगी। आयोजन में 500 से अधिक महिलाओं को मुफ्त मेहंदी लगाई जाएगी। तैयारी को लेकर वुमेन्स विंग्स की बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया गया और जिम्मेदारियां सौंपी गईं। मीडिया प्रभारी तरुण कुमार व कमल जुमानी ने बताया कि महिलाओं में टीजड़ी को लेकर खासा उत्साह है। बैठक में संगठन अध्यक्ष दीपक आतवानी, महामंत्री राजीव नागरानी, डायरेक्टर वर्षा वंजानी, प्रेसिडेंट कशिश नैनानी, एडवाइजर सोनिया मोहनानी सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

